तापमान

अधिकतम 39.6 डिग्री

न्यूनतम 27.7 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, शनिवार 14 जून 2025



4 लालपुर शराब दुकान में मिलावटी एवं बगैर...





4 वीरेंद्र तोमर की पत्नी के साथ दो अन्य को पुलिस ने...




# रविवि भूला परीक्षा लेना! 20 मिनट देर से बंटे पर्चे, छात्र पहुंचे तो कक्ष में जड़ा था ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि शुक्रवार को परीक्षा कक्ष का ताला खोलना ही भूल बैठा। सुबह 8 बजे से जो परीक्षा प्रारंभ होनी थी, वो 8 बजकर 20 मिनट को शुरू हो सकी। चूंकि परीक्षा 20 मिनट विलंब से प्रारंभ हुई, इसलिए छात्रों को 20 मिनट का अतिरिक्त समय भी दिया गया। मामला बीएएलएलबी का है। बीएएलएलबी के चतुर्थ वर्ष आठवें सेमेस्टर की परीक्षा शुक्रवार को आयोजित थी। इसके लिए रविवि के कला भवन के दूसरे माले में केंद्र बनाया गया था।

सेमेस्टर परीक्षा का समय प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक निर्धारित है। चूंकि 8 बजे छात्रों को पर्चे बांटे जाने थे, ऐसे में परीक्षार्थी सुबह 7.30 बजे ही केंद्र पहुंच गए थे। यहां पहुंचकर छात्रों ने देखा कि परीक्षा कक्ष में ताला लटका हुआ है। इसके बाद छात्रों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। लगभग आधे घंटे इंतजार के बाद ताला खुला। 15 मिनट का समय छात्रों को बैठाने, उत्तरपुस्तिका बांटने तथा एंट्री संबंधित कार्यों में लगा। इसके बाद 8 बजकर 20 मिनट से परीक्षा शुरू हुई।

### परेशान होते रहे छात्र

छात्र लगभग एक घंटे तक बाहर ही खड़े रहे। कई छात्र बार-बार टाइम-टेबल देखते रहे कि कहीं वे गलत तिथि पर तो परीक्षा दिलाने नहीं पहुंच गए हैं। ना केवल परीक्षा के पहले बल्कि परीक्षा के बाद भी छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जिन विद्यार्थियों के अभिभावक उन्हें लेने पहुंचे थे, उन्हें केंद्र पर आधे घंटे तक इंतजार करना पड़ा। प्रबंधन के मुताबिक, जिस कर्मचारी के पास उक्त कक्ष की चाबी थी, उसकी बाइक खराब होने के कारण वह तय वक्त पर नहीं पहुंच सका। यही कारण है कि विलंब हुआ।

## मामला बीएएलएलबी का, सुबह 8 बजे प्रारंभ होनी थी परीक्षा

- 8 बजे के बाद खुले ताले, छात्रों को दिया गया अतिरिक्त समय
- 15 मिनट का समय छात्रों को बैठाने, उत्तरपुस्तिका बांटने तथा एंट्री संबंधित कार्यों में लगा



अलग खबर

### पहले 7 बजे होनी थी परीक्षा

जो रविवि प्रबंधन 8 बजे भी परीक्षा कक्ष का ताला नहीं खोल पा रहा है, वो पहले सुबह 7 बजे से परीक्षा लेने वाला था। रविवि द्वारा पूर्व में सेमेस्टर परीक्षा का समय प्रातः 7 से 10 बजे निर्धारित किया गया था। इस स्थिति में छात्रों को प्रातः 6.30 बजे केंद्र पहुंचना पड़ता, ताकि वे जांच सहित प्रक्रिया पूर्ण कर सकें। कई छात्र दूरस्थ क्षेत्रों से आते हैं। ऐसे में टाइमिंग को लेकर छात्रों ने कई चरणों में विरोध-प्रदर्शन किया था। बाद में रविवि प्रबंधन द्वारा समय परिवर्तन कर प्रातः 8 से 11 बजे तक परीक्षा लेने का निर्णय लिया गया था।

### छात्रों का नुकसान नहीं

जितने विलंब से प्रश्नपत्र बांटे गए, छात्रों को उतना अतिरिक्त वक्त दिया गया। किसी भी छात्र का नुकसान नहीं हुआ है।

\- प्रो.राजीव चौधरी, मीडिया प्रभारी, रविवि

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर रेप फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** महिला की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने एक व्यक्ति को रेप के आरोप में गिरफ्तार किया है। महिला ने संतोषी नगर, काठाडीह निवासी अजय सोनी के खिलाफ रेप की शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह विधवा है। अजय तीन वर्ष पूर्व जर्मन शेफर्ड बेचने के बहाने उससे संपर्क बढ़ाकर अपने विवाहित होने की बात छिपाते हुए महिला को शादी करने का प्रलोभन देकर दो साल तक रेप करता रहा। महिला ने अजय पर शादी करने दबाव बनाया, तब उसे अजय के विवाहित होने की जानकारी मिली।

### घूम-घूमकर शराब बेचते धरा गया कोचिया

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने एक शराब कोचिया को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 48 सौ रुपए कीमत की 48 पौवा देशी शराब जब्त की है। पुलिस ने शराब बेचने के आरोप में गोगांव निवासी अश्वनी कुमार साहू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, अश्वनी एक प्लास्टिक बोरी में शराब भरकर रिंगरोड में साइकिल पर घूम-घूमकर लोगों को शराब बेच रहा था।

### जेब खर्च नहीं देने पर बेटे ने की मारपीट

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक व्यक्ति ने अपने बेटे के खिलाफ जेब खर्च नहीं देने का आरोप लगाते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है, दुर्गा नगर उड़िया बस्ती निवासी अनिरुद्ध सहारे ने राकेश के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अनिरुद्ध ने पुलिस को बताया कि गुरुवार को उसका बेटा शराब के नशे में घर पहुंचा और अपने पिता पर जेब खर्च नहीं देने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।

### पुरानी रंजिश के चलते ऑटो चालक से मारपीट

**रायपुर।** डीडीनगर थाने में एक ऑटो चालक ने तीन युवकों तथा उसके साथियों के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। श्री रामनगर न्यू चंगोराभाठा निवासी दाऊ कुमार वासुदेव ने राहुल, खेमू, अजय तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। दाऊ कुमार ने पुलिस को बताया कि गुरुवार देर रात वह घर लौटा तो मौके पर उपस्थित राहुल तथा उसके साथियों ने उसका रास्ता रोक मारपीट की। बीच-बचाव करने आने पर बदमाशों ने दाऊ कुमार के भाई के साथ भी मारपीट की।

आंबेडकर अस्पताल में 13 साल पुरानी सीटी स्कैन मशीन, पार्ट्स बदल-बदलकर चला रहे काम

# घोषणाओं से बाहर नहीं आई नई सीटी स्कैन मशीन, पुरानी बार-बार हो रही खराब


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के दावों और घोषणाओं के बाद भी आंबेडकर अस्पताल के लिये नयी सीटी स्कैन मशीन की खरीदी नहीं हो सकी है। यहां काम कर रही 13 साल पुरानी एकमात्र मशीन बार-बार बिगड़ रही है, जिसका सीधा असर मरीजों की जांच और इलाज पर हो रहा है। इसे लेकर मरीजों के साथ डाक्टर भी परेशान होने लगे हैं। बंद होने की शिकायतों के आधार पर मशीन के लगभग सारे पार्ट्स बदले जा चुके हैं, मगर इसके बिगड़ने का सिलसिला नहीं थमा है।

हरिभूमि सरोकार

आंबेडकर अस्पताल के रेडियो डायग्नोसिस विभाग के एक सीटी स्कैन मशीन के भरोसे पूरे अस्पताल के मरीजों की जांच का जिम्मा है। छह दिन पहले इसमें खराबी आने का दौर शुरू हुआ, जिसके बाद मरीजों को आवश्यक जांच के लिए डीके अस्पताल का रास्ता दिखाया जा रहा था। समस्या उन मरीजों के साथ ज्यादा हो रही थी, जो अस्पताल में गंभीर स्थिति में भर्ती थे। मेंटेनेंस कंपनी ने काफी कोशिशों और चार दिन की मेहनत के बाद मशीन में सुधार किया। इसके बाद शुक्रवार से मशीन के पुनः जांच के लिये क्रियाशील होने के दावे के किये जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि 13 साल पुरानी इस मशीन को बदलने की बेहद जरूरत है, 24 घंटे काम करने की वजह से इसकी क्षमता समाप्त हो चुकी है और आए दिन यह साथ छोड़ देती है। इस मशीन को बदलकर नयी मशीन लाने की घोषणा राज्य के बजट में की गई है। इसके अलावा जिम्मेदारों द्वारा समय-समय पर होने वाली बैठक में नयी मशीन खरीदने का आश्वासन तो दिया गया है, मगर यह घोषणाएं कागजों से बाहर नहीं आ पाई हैं।

## नयी मशीन खरीदी का आश्वासन सालों से बजट में भी प्रस्ताव पर नतीजा अब तक शून्य





**एमआरआई का भी हाल बुरा :** सीटी स्कैन की तरह एमआरआई मशीन का हाल भी काफी बुरा है। यह मशीन भी अक्सर बंद हो जाती है। मशीन को चालू रखने और मरीजों की वेटिंग कम करने के लिए यहां टेक्निशियन की व्यवस्था तो की गई है, मगर इसकी जांच की रफ्तार कम होने की वजह से इसका वास्तविक उपयोग नहीं हो पाता। मरीजों को कई बार इसके लिए दूसरे अस्पतालों में भटकना पड़ता है।

### पीपीपी मोड विचाराधीन

आंबेडकर अस्पताल में रेडियोडायग्नोसिस सहित विभिन्न तरह की जांच व्यवस्था को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड पर निजी संस्थानों को दिए जाने के प्रस्ताव पर भी शासन स्तर पर विचार किया जा रहा है। माना जा रहा है कि इसके माध्यम से मरीजों को 24 घंटे जांच की सुविधा मिल सकेगी और मशीन के रखरखाव सहित अन्य जिम्मेदारी अनुबंधित एजेंसी की होगी।

# जगदलपुर में लेट हुआ मानसून रायपुर में सामान्य तिथि, 16 तक पहुंचने की उम्मीद बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दंतेवाड़ा में ठहरा मानसून जगदलपुर तक अपनी सामान्य तिथि पर नहीं पहुंच पाया है। उसकी मौजूदगी अगले दो दिन में जगदलपुर और अपनी सामान्य तिथि 16 जून को रायपुर में होने की उम्मीद बनी हुई है। शुक्रवार को दिनभर चिपचिपी गर्मी के बाद स्थानीय प्रभाव से हल्की बारिश हुई। अगले चौबीस घंटे में बस्तर और सरगुजा संभाग में हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान है।



- स्थानीय प्रभाव से शहर में बरसे बादल, माना में बेअसर

मौसम विभाग के विशेषज्ञों के मुताबिक जगदलपुर में मानसून 13, रायपुर में 16 और अंबिकापुर 21 जून तक पहुंचता है। पिछले 15 दिन से दंतेवाड़ा में अटका मानसून जगदलपुर पहुंचने में एक दिन लेट हो गया है। इसके अगले 48 घंटे में सक्रिय होने और जगदलपुर को कव्हर करते हुए 16 जून के आसपास रायपुर तक पहुंचने की उम्मीद है। अभी राज्य में होने वाली हल्की से मध्यम बारिश प्री-मानसून गतिविधि में शामिल है। शुक्रवार को भी रायपुर में कुछ देर तक खंड वर्षा वाली स्थिति बनी रही और इसका प्रभाव माना में तनिक भी नहीं हुआ। विशेषज्ञों का कहना है कि अगले 48 घंटे में दक्षिण पश्चिम मानसून को आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं।

# समय पर छूट रही ट्रेन, मंज़िल से घंटों हो रही दूर, भीड़ और उमस में यात्री बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्म हवा, पसीने से तरबतर चेहरे और ठसाठस भरे डिब्बे... इन दिनों ट्रेन से सफर कर रहे यात्रियों की यही हालत है। रायपुर से बिलासपुर, राजनांदगांव और डोंगरगढ़ जैसे नजदीकी शहरों तक जाने वालों के लिए यात्रा अब सब्र का इम्तहान बन चुकी है। लोकल पैसेंजर ट्रेनें पहले ही रद्द हो चुकी हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में यात्री मजबूरी में एक्सप्रेस ट्रेनों में सफर कर रहे हैं, लेकिन हालात वहां भी कुछ बेहतर नहीं। ट्रेनें समय पर स्टेशन से निकल तो रही हैं, लेकिन कुछ ही किलोमीटर चलने के बाद रफ्तार थम जाती है। नतीजा आउटर पर खड़ी ट्रेनों में यात्री उमस और गर्मी से बेहाल हैं। शुक्रवार को हरिभूमि ने ग्राउंड पर इन हालातों की पड़ताल की।

दुर्ग-अमरकंटक एक्सप्रेस शाम 6:15 बजे दुर्ग से रवाना हुई, लेकिन तिल्दा पहुंचते-पहुंचते 30 मिनट लेट हो गई। भाटापारा से पहले ट्रेन करीब 15 मिनट तक एक ही जगह खड़ी रही। हसदेव एक्सप्रेस, जो रायपुर से शाम 6 बजे निकली थी, वो भी तिल्दा तक पहुंचते हुए 27 मिनट लेट थी। ▶▶|शेष पेज 4 पर

## रायपुर-बिलासपुर रूट पर ट्रेनों की चाल हो रही सुस्त, हर दिन आउटर पर अटक रही



### कटनी रूट से आने वाली ट्रेन सर्वाधिक विलंब

पटरियों में इन दिनों में रेलगूल लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनों के साथ स्पेशल दौड़ रही है। बिलासपुर के आगे कटनी रूट में मालगाड़ियों को रवाना करने दूसरी ट्रेनों को आउटर में खड़ा होना पड़ रहा है। यही वजह है कि नागपुर से ज्यादा कटनी रूप से आने वाली ट्रेन सर्वाधिक विलंब है। 8 से 10 घंटे ट्रेन विलंब होने से दूसरी से दिन भी ट्रेन विलंब से रवाना हो रही है।

### धीमी रफ्तार से चल रही ट्रेन

गुरुवार को बार-बार आउटर में रोके जाने से रायपुर से गुजरने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस कई जगहों पर आधे घंटे में महज 10 से 15 किमी की दूरी तय कर पाई। चार घंटे देर से चल रही शालीमार एक्सप्रेस को भाटापारा से रायपुर पहुंचने में एक घंटे 35 मिनट लग गए, जबकि यह ट्रेन 55 मिनट में 85 किमी की दूरी तय कर लेती है। भाटापारा में आधे घंटे रोके जाने से यह ट्रेन 125 मिनट में 58 किमी चली। कई जगह पर ट्रेन रुक जाने से इस ट्रेन को 10 से 15 किमी की दूरी तय करने में 20 मिनट से भी ज्यादा लग गया।

कोंडागांव का रहना वाला है गांजा तस्कर

# गांजा तस्कर की 70 लाख की संपत्ति अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मादक पदार्थ का अवैध कारोबार करने वालों को सख्त मैसेज देने पुलिस ने जिले में पहली बार किसी गांजा तस्कर की संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई की है। पुलिस ने आदतन मादक पदार्थ गांजा तस्करी में लिप्त रहने वाले सुशंकर व्यापारी की 70 लाख रुपए की चल तथा अचल संपत्ति अटैच की है। अटैचमेंट की कार्रवाई सफेमा एक्ट के तहत की गई है।

पुलिस के अनुसार सुशंकर मूल रूप से कोंडागांव, फरसगांव का रहने वाला है। वह लंबे अरसे से रायपुर में ओडिशा ▶▶|शेष पेज 4 पर

## जिले में पहली बार मादक पदार्थ का कारोबार करने वाले की संपत्ति अटैचमेंट की कार्रवाई

### संपत्ति अटैच करने का आदेश मुंबई से पारित

सुशंकर की सफेमा एक्ट के तहत संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई करने का आदेश मुंबई स्थित सफेमा के सक्षम अधिकारी द्वारा दिया गया है। इसके लिए सुशंकर के तस्करी मामलों की जानकारी भेजी गई। मामलों की जांच के बाद सफेमा के सक्षम अधिकारी ने एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 68 (एफ) के तहत संपत्ति जब्त करने आदेश दिए।



### 45 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया था

मुजगहन थाने की पुलिस ने सुशंकर को उसके ओडिशा तथा मध्यप्रदेश के एक साथी के साथ पिछले वर्ष फरवरी में 45 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ▶▶|शेष पेज 4 पर

### इन संपत्तियों को अटैच किया

सुशंकर की जो संपत्ति अटैच की गई है, उनमें अल्टो कार, स्कूटी, सिंगरापुरी कैंप में एक प्लाट जिसकी कीमत 20 लाख रुपए है। इसके अलावा कमल विहार सेक्टर- 2 में बना हुआ एक मकान जिसकी कीमत 50 लाख रुपए है, उसे अटैच किया गया है। पुलिस के अनुसार एनडीपीएस एक्ट के कई अन्य प्रकरणों में आरोपियों की संपत्तियों की जांच की जा रही है। जांच के बाद पुलिस उन मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तस्करों की संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई करेगी।




## खबर संक्षेप

### 910 ग्राम गांजा जब्त महिला गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा।** नेवरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ओवरब्रिज के नीचे सासाहोली तिल्दा में एक महिला गुलाबी टी शर्ट तथा काला जींस पहनी है तथा अपने सफेद रंग के पॉलिथीन में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखी है जिसे बिक्री हेतु ग्राहक की तलाश कर रही है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी महिला को घेराबंदी कर पकड़ कर उसके पास रखे एक प्लास्टिक पॉलिथीन में कुल मादक पदार्थ गांजा 910 ग्राम कीमती 10000रू का जप्त किया गया। आरोपी महिला भारती बाघवानी पति नरेश बाघवानी उम्र 36 वर्ष सिंधी कैंप तिल्दा निवासी के खिलाफ धारा 20(बी) नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह श्याम थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा के निर्देशन में उप निरीक्षक विकास देशमुख, आरक्षक किशोर शर्मा, महिला आरक्षक किरण वर्मा, पूजा वर्मा के द्वारा किया गया है।

### मुख्यमंत्री और श्रम मंत्री श्रमिकों के 31 मेधावी बच्चों को देंगे प्रोत्साहन राशि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत बोर्ड परीक्षा में कक्षा दसवीं और बारहवीं के टॉप 10 में आए पंजीकृत श्रमिकों के कुल 31 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह 15 जून को न्यू सर्किट हाउस में कार्यक्रम के दौरान दो-दो लाख रुपए प्रोत्साहन राशि भेंट करेंगे।

**अपराध : घर की बिजली काटी, घुसकर महिलाओं सहित परिवार को पीटा**

# नगरगांव के शादी समारोह में बलवा मेहमानों को पीटा, वाहनों को जलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धरसींवा





धरसींवा थाना क्षेत्र के नगरगांव में 11 जून की रात एक शादी समारोह उस समय खूनी संघर्ष में बदल गया, जब गांव के कुछ असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया। इस घटना में न केवल मेहमानों को बेरहमी से पीटा गया, बल्कि वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया गया। चौंकाने वाली बात यह है कि अब इस विवाद को धर्म परिवर्तन से भी जोड़ा जा रहा है, जिसने मामले को और गंभीर बना दिया है। पीड़ित परिवार के कन्वर्टेड ईसाई समाज से होने की बात सामने आ रही है, और यह भी आरोप है कि विवाद के बाद रायपुर से भी कुछ लोग वाहनों में भरकर आए और ग्रामीणों से मारपीट की, जिसके बाद यह घटना एक बलवे का रूप ले लिया।

धरसींवा पुलिस के अनुसार, गजानंद निषाद की शिकायत के अनुसार, उनके बेटे रूपेंद्र कुमार निषाद के विवाह समारोह के दौरान रात करीब 9:30 बजे 12 से अधिक लोगों ने उनके घर पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। हमलावरों ने पहले बिजली कनेक्शन काटा और मीटर तोड़ा, फिर घर में घुसकर गजानंद, उनकी पत्नी माधुरी निषाद, बेटे पुनेद्र निषाद, नीलकंठ वर्मा और उनकी पत्नी पुष्पा वर्मा पर बेरहमी से हमला किया। बाहर खड़ी बाइक और कारों में भी तोड़फोड़ कर आग लगा दी गई। शादी में मिले गिफ्ट के सामान को भी तोड़ दिया गया, जिससे करीब 10 लाख का नुकसान होने का अनुमान है।

### पंचायत में सुलह का प्रयास

एफआईआर दर्ज होने के बाद, जनपद पंचायत सदस्य और सरपंच पति ने दोनों पक्षों को समझौते के लिए ग्राम पंचायत नगरगांव में एक बैठक बुलाई। पीड़ित परिवार को रायपुर से पंचायत स्थल पर लाया गया, जहां बड़ी संख्या में गांव के बुजुर्ग और युवा महिलाएं शामिल हुईं। हालांकि, इस घटना से पीड़ित परिवार बुरी तरह डरा हुआ है और उन्होंने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।यह घटना छत्तीसगढ़ में सामाजिक सद्भाव और कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाती है। पुलिस प्रशासन के लिए इस मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती होगी, खासकर जब इसमें धार्मिक एंगल जुड़ता दिख रहा है और बाहरी लोगों के हस्तक्षेप के आरोप लग रहे हैं।

### स्थिति कंट्रोल में

विवाह समारोह में हुए विवाद के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। हालांकि, कुछ ग्रामीणों ने थाना का घेराव किया था, लेकिन स्थिति कंट्रोल में है।

**राजेन्द्र दीवान,**
थाना प्रभारी धरसींवा

### मामला दर्ज, पर ग्रामीण पुलिस कार्रवाई से नाराज

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ितों को बचाया। सभी घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मुकेश शर्मा, मुकुंद वर्मा, झुमूक निषाद, प्रदीप निषाद, मनीष साहू सहित 17 आरोपियों के खिलाफ नामजद **FIR** दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि विवाद की शुरुआत लड़कों के बीच महिलाओं पर टिप्पणी करने से हुई थी, जिसमें बाद में गांव के अन्य लोग भी शामिल हो गए। हालांकि, इस घटना के बाद ग्रामीणों का आक्रोश शांत नहीं हुआ है। धरसींवा पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट ग्रामीणों ने गुरुवार रात 10 बजे धरसींवा थाना घेर लिया, जिसके बाद थाना परिसर छावनी में तब्दील हो गया और भारी पुलिस बल तैनात करना पड़ा। इस घटना को लेकर अब एक नया मोड़ आ गया है। जैसा कि पहले बताया गया है, पीड़ित परिवार कन्वर्टेड ईसाई धर्म से संबंध रखता है, और यह कहा जा रहा है कि इस पूरे विवाद के पीछे कुछ सामाजिक-धार्मिक कारण थे और यह झगड़ा अब धर्म परिवर्तन का रूप ले रहा है। यह आरोप भी सामने आया है कि विवाद के बाद रायपुर से भी वाहनों में भरकर कुछ लोग आए और ग्रामीणों से मारपीट की, जिसके बाद यह पूरा घटनाक्रम एक बड़े बलवे में तब्दील हो गया। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन यह आरोप मामले को और अधिक संवेदनशील बना रहा है।

### कुर्मी समाज की बैठक सम्पन्न, हथमल परिवार ने दिया 15 लाख का सहयोग

**तिल्दा नेवरा।** ग्राम किरना में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज तिल्दा राज की प्रकरण बैठक राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा की अध्यक्षता एवं मुख्य संरक्षक महेश नायक, पूर्व राजप्रधान भगवती सिरमौर के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की शुरुआत पूजन, दीप प्रज्वलन और गौरव गान से की गई। तत्पश्चात सामाजिक आचार संहिता के अंतर्गत 29 प्रकरणों की सुनवाई की गई। मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम मूरा निवासी समाजसेवी दाऊ सदाशिव हथमल अपनी पत्नी सरोज बाई के साथ उपस्थित हुए। उन्होंने समाज द्वारा ग्राम तुलसी नेवरा में निर्मित हो रहे मनवा कुर्मी सदन के लिए 15 लाख रुपये का दान दिया। **हथमल परिवार पूर्व में भी कई धार्मिक-सामाजिक निर्माण कार्यों में करोड़ों का योगदान दे चुका है। इस अवसर पर राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा ने समाज की भामाशाही पर गर्व व्यक्त करते हुए भवन का नाम हथमल परिवार** के नाम पर रखने की घोषणा की। उन्होंने सीए महेन्द्र कश्यप द्वारा मुख्य द्वार निर्माण के संकल्प की भी सराहना की। कार्यक्रम का संचालन दौलत धुरंधर, अनिल वर्मा और डोमार धुरंधर ने किया। निर्माणाधीन भवन की सुविधाओं की जानकारी देते हुए अध्यक्ष विश्वनाथ वर्मा व अन्य पदाधिकारियों ने सभी दानवीरों और उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में राज्य पिछड़ा आयोग की उपाध्यक्ष चंद्रकांति वर्मा सहित 93 ग्रामों से लगभग 1200 स्वजातीयजन शामिल हुए।

## शिक्षक वंदनीय उदीम के नवाचारों को दी बधाई: सोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धरसींवां



छत्तीसगढ़ राज्य के अलग अलग जिलों के 36 सक्रिय और नवाचारी शिक्षकों की शैक्षिक गतिविधि आधारित नवाचारी क्रियाकलापों की पुस्तक उदीम सीखने-सिखाने का एक प्रयास का विमोचन व लेखक शिक्षकों का सम्मान 13 जून दिन शुक्रवार को वृंदावन हॉल रायपुर में माननीय सुनील सोनी पूर्व सांसद व विधायक रायपुर दक्षिण के करकमलों से हुआ । कार्यक्रम में पुस्तक के संयोजक लोकेश कुमार वर्मा , संपादक भारती वर्मा व सह सम्पादक सईदा खान सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में नवाचारी शिक्षकों को संबोधित करते हुए माननीय विधायक सुनील सोनी ने कहा कि शिक्षक वन्दनीय है,मैं हमेशा शिक्षकों के कार्यों की सराहना करता हुं । आप सभी के द्वारा अपने शालाओं में सम्पन्न गतिविधियों के क्रियाकलापों को पुस्तक के रूप में प्रकाशित करने पर आप सभी को बधाई । नवाचारी गतिविधियों आधारित पुस्तक उदीम में बालवाडी स्तर से लेकर माध्यमिक स्तर तक के बच्चों को अंक, अक्षर व मात्रा ज्ञान , भाषायी कौशल,गणितीय कौशल , विज्ञान के सरल प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान को रुचिकर बनाने, अनुपयोगी व कबाड़ के वस्तुओं से उपयोगी व सजावटी वस्तु निर्माण की कला , बांस कला , मिट्टी कला , प्रिंट रिच वातावरण , खेल खेल में शिक्षा, वातावरण को हरितम समृध्द करने पर्यावरणीय शिक्षा, पूर्व व्यावसायिक शिक्षा आदि पर रोचक तरीके से गतिविधियों को शामिल किया गया है। जिसके द्वारा बच्चों को एक आनंददायी वातावरण में अपेक्षित अधिगम लक्ष्य प्राप्ति की ओर ले जाया जा सकता है। यह पुस्तक बच्चों को नए सत्र में विद्यालय एवं पढ़ाई से जोड़ने में सहायक सिध्द होगा। पुस्तक का संयोजन शिक्षक लोकेश कुमार वर्मा एवं संपादन शिक्षिका भारती वर्मा व सह संपादन व्याख्याता सईदा खान के द्वारा किया गया है। लेखक मंडल में शीतल बैस, शीला गुरु गोस्वामी, ऋतू वर्मा, नीतिका जेकब, अराधना वर्मा, अर्चना साहू , संध्या पैकरा, कविता सरशीहा, निहारिका तिवारी, नीलम वर्मा, ऋचाबाला गुप्ता, योगेश्वरी साहू , गीता साहू , चन्दा सिन्हा, मोनू गुप्ता, भुनेश्वरी साहू , बिंदु वर्मा, शकुन्तला साहू , संतोषी डनसेना, सरोजनी देवी वर्मा, सीमा जायसवाल, सुनीता साहू , सुमन जार्ज, सुमिता शर्मा, हर्षलता मिश्रा, पुष्पा शर्मा, योगेश्वर साहू , महादेव प्रसाद जायसवाल, रूद्र कुमार शर्मा, कलेश्वर साहू , राजेश कुमार यादव, उमा शंकर साहू , खोमन सिन्हा व मुकेश रैकवार शामिल है ।

## नेत्र शिविरों के लिए सेवा सुगंधम संस्था को मिला सम्मान



**धरसीवां।** एमजीएम आई इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित कैप पार्टनर मीट 2025 के दौरान जनकल्याणकारी संस्था सेवा सुगंधम सामाजिक संस्था के संस्थापक टिकेंद्र उपाध्यक्ष को स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें एक स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की गई। गौरतलब है कि सेवा सुगंधम सामाजिक संस्था ने कोरोना महामारी के दौरान कोरोना योद्धाओं और क्वारंटाइन में रह रहे मरीजों की विशेष सेवा और सम्मान किया था। इसके अतिरिक्त, संस्था ने ग्रामीण क्षेत्रों में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया है। सेवा सुगंधम सामाजिक संस्था विभिन्न सामाजिक और प्राकृतिक सेवा से जुड़ी गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेती रही है। यह सम्मान उनके जनकल्याणकारी कार्यों के प्रति एमजीएम आई इंस्टीट्यूट की सराहना को दर्शाता है।

## सकरी में अधूरे सड़क निर्माण को लेकर कांग्रेस नेताओं व ग्रामीणों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलयारी



ग्राम सकरी के मंडी बोर्ड द्वारा निर्मित अधूरे सड़क निर्माण के संबंध में रिंग रोड नंबर 3 सकरी स्वागत द्वार के पास पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा पूर्व विधायक धरसीवां अनीता शर्मा कृषि उपज मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष नारायण कुर्रे धरसीवां जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र पप्पू बंजारे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, क्षेत्रीय जनपद सदस्य बरखा लोकेश साहू ,सकरी के सरपंच सोनल प्रशांत कुर्रे धरसीवां जनपद सदस्य गण मनहरण वर्मा क्रुणाल किरण सिन्हा उपसरपंच पूर्णिमा सिन्हा, अरुण लहरी एवं सकरी ग्रामवासी की उपस्थिति में एक दिवसीय धरना दिया गया। धरने को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा ने कहां कि सकरी गांव के विकास को भाजपा सरकार ने अनदेखी किया जा रहा है जिसे हम किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं करेंगे चाहे उसके लिए लंबी लड़ाई क्यों ना लड़ना पड़े। कांग्रेस सरकार में राशि जारी होने के बाद दो साल से सड़क निर्माण को अधूरा निर्माण किया गया है जो कहीं न कहीं भाजपा सरकार सकरी गांव के साथ भेदभाव किया जा रहा है। पूर्व विधायक अनीता शर्मा ने सकरी के अधूरे सड़क निर्माण को लेकर कलेक्टर रायपुर गौरव सिंह से टेलीफोनिक बात किया बातचीत के दौरान कलेक्टर ने बताया कि मंडी बोर्ड को अधिकारियों को निर्देश दे दिया है कि ठेकेदार मेसर्स, योगेश जायसवाल को ब्लैक लिस्ट का आदेश जारी करें। रायपुर मंडी के पूर्व अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने कहा कि मंडी बोर्ड को मेरे द्वारा दिया गये प्रस्ताव के बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ लेकिन सरकार बदलते ही सड़क निर्माण को अधूरा छोड़ दिया गया है। धरसीवां के विधायक अनुज शर्मा पिछले दो साल से इस गांव को झांकने तक नहीं आये है।

### 4 करोड़ 40 लाख की लागत से डामर युक्त सिंगल रोड का निर्माण होगा

सकरी के सरपंच सोनल प्रशांत कुर्रे ने बताया कि विधानसभा सकरी से धनसूली तक 4 करोड़ 40 लाख की लागत से डामर युक्त सिंगल रोड का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें ठेकेदार द्वारा बेस गिट्टी डालने के बाद निर्माण कार्य को बंद कर रखा गया है। मंडी बोर्ड द्वारा सकरी से धनसूली तक डामर रोड बनाने का टेंडर विधानसभा चुनाव के आचार संहिता लगने से पहले सितम्बर 2023 को टेंडर जारी हुआ था। ठेकेदार को जुलाई 2024 तक निर्माण कार्य को पूरा करना था। लेकिन निर्माण कार्य आधा अधूरा है। बरसात सर पर है और ग्रामवासी परेशान है। धरना स्थल में रायपुर के तहसीलदार एवं मंडी बोर्ड के अनुविभागी अधिकारी झा की उपस्थिति में ज्ञापन दिया गया। ग्रामवासी का कहना है कि ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है तो जल्द से जल्द टेंडर जारी करें और अधूरे सड़क निर्माण को पूर्ण करें ।

## रेलवे गुड्स साइडिंग पर पर्यावरण बोर्ड की सख्ती, संचालन बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धरसींवा

- लंबे समय से ग्रामीणों और साइडिंग के बीच चल रही नोकझोक की लड़ाई

सिलयारी रेलवे क्रॉसिंग के पास संचालित हो रही रेलवे गुड्स साइडिंग को आखिरकार छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण बोर्ड के निर्देशों के बाद तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि जब तक वैध सहमति प्राप्त नहीं हो जाती, तब तक साइडिंग को दोबारा शुरू नहीं किया जा सकता, अन्यथा क्षतिपूर्ति के साथ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह फैसला ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के लंबे विरोध और ग्राम पंचायत के कड़े रुख का परिणाम है। यह निर्देश 13 मई 2025 को बोर्ड के अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण के बाद आया, जिसमें पाया गया कि साइडिंग का संचालन जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974 की धारा 33 ए और वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 की धारा 31 ए का उल्लंघन करते हुए वैध सहमति के बिना हो रहा था। पर्यावरण संरक्षण बोर्ड के निर्देशों के बावजूद, गुड्स साइडिंग को फिर से शुरू करने की कवायद शुरू हो गई थी। जिसने ग्रामीणों में रोष भर दिया। हालांकि, जिला पंचायत सदस्य सरोज चंद्रवंशी और स्थानीय ग्रामीणों के कड़े विरोध के बाद, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती रूखमणी साहू ने तत्काल पंचायत बैठक बुलाई। इस बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि ग्रामीणों के हित को ध्यान में रखते हुए गुड्स साइडिंग को बंद रखा जाए। यह पंचायत प्रस्ताव रेल विभाग व पर्यावरण विभाग को भेजा जाएगा, जिसमें ग्रामीणों की स्पष्ट विरोध व असहमति व्यक्त की गई है।

### ग्राम पंचायत कुरूद सिलयारी के लिए मुसीबत बनी थी यह गुड रेलवे साइडिंग



सिलयारी गुड्स रेलवे साइडिंग ग्राम पंचायत कुरूद सिलयारी और आसपास के ग्रामीणों के लिए लंबे समय से एक बड़ी मुसीबत बनी हुई थी। साइडिंग से निकलने वाले भारी ट्रकों और अन्य वाहनों से स्कूल, अस्पताल, बाजार और राहगीरों के लिए भारी परेशानी खड़ी हो गई थी। ग्रामीणों का आरोप है कि यह गुड्स साइडिंग पिछले कई वर्षों से अवैध तरीके से संचालित हो रही थी, जिससे क्षेत्र में प्रदूषण और यातायात की गंभीर समस्या पैदा हो गई थी। धूल और धुएं से हवा की गुणवत्ता खराब हो रही थी, वहीं भारी वाहनों के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बना रहता था। सिलयारी गुड्स साइडिंग को बंद कराने के लिए ग्रामीणों को लंबी लड़ाई लड़नी पड़ी। संचालनकर्ता की ऊंची पहुंच भी इस बार काम नहीं आई। पर्यावरण संरक्षण बोर्ड और न्यायालय के सख्त कदमों के साथ-साथ ग्रामीणों की अटूट एकता और निरंतर संघर्ष ने उन्हें अंततः इस समस्या से निजात दिलाई।

### इंतहा हो गई इंतजार की, अब तक आई न खबर मंत्रिमंडल विस्तार की

**रायपुर।** प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार को बने डेढ़ साल हो गए हैं, लेकिन अब तक मंत्रिमंडल का विस्तार अटका हुआ है। पहले ही एक मंत्री का पद खाली रखा गया था। इसके बाद बीते साल बृजमोहन अग्रवाल के लोकसभा चुनाव लड़ने के कारण उनके इस्तीफे से एक और मंत्री का पद खाली हो गया।

## राष्ट्रीय गोल शॉट बाल प्रतियोगिता के लिए छग महिला टीम रवाना



**आरंग।** संगरूर में 13 से 15 जून तक आयोजित तीसरी राष्ट्रीय गोल शॉट बाल प्रतियोगिता महिला वर्ग के लिए छत्तीसगढ़ राज्य से गोल शॉट बाल एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की टीम रवाना हुई। गोल शॉट बाल एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के प्रेसिडेंट अमन साहू के मार्गदर्शन और जनरल सेक्रेटरी गौरव कटकवार के नेतृत्व में प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन किया गया। टीम की कप्तान परमेश्वरी यादव, मोनिका साहू, अनुराधा सारथी, तमन्ना सिंह मरावी, रेशमा जोगी, वर्षा कश्यप, आस्था सिंह राठौर, नेहा कश्यप हैं। कोच धर्मेंद्र पटेल एवं मैनेजर गजेन्द्र कश्यप को चुना गया। प्रहलाद कुम्हार को राष्ट्रीय रैफरी के रूप में चुना गया है। गोल शॉट बाल एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के प्रेसिडेंट अमन कुमार साहू, ज्वाइंट सेक्रेटरी धर्मेंद्र पटेल, ट्रेजरार कुसुम साहू, सीनियर वॉयस प्रेसिडेंट हरीश सिंह राजपूत, जनरल सेक्रेटरी गौरव कटकवार ने सभी खिलाडी को आशीर्वाद प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

GRAND OPENING
करन मोटर्स
का 4000 स्वायर फीट में
नया शोरूम ओपन
शोरूम ऑपनिंग की खुशी में
ऑफर
SPECIAL OFFER
कोई भी पुरानी ई रिक्शा 4 बैटरी वाली लायें और लिथियम बैटरी वाली ई रिक्शा लेकर जायें बिना किसी डाऊनपेमेंट के
3 साल की वारंटी के साथ
आपकी पुरानी ई रिक्शा का 40000/- पाएं
0% डाऊनपेमेंट
नियम एवं शर्तें लागू*
कर्मा मेडिकल स्टोर के सामने कर्मा चौक, रामनगर रायपुर
98267 77050, 95845 00013

**न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.**

// ईश्तहार //

क्रमांक/...../अ-6/वर्ष 2024-25 धरसींवा, दिनांक 12.06.2025
ग्राम गिरौद, प.ह.नं. 22
रा.नि.मं. धरसींवा-1
तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री केशव लाल राठौड पिता स्व. पांचा भाई राठौड निवासी गली नं. 01 राजीव गांधी वार्ड क्रमांक 13 कस्तुरचंद बाडा के पास फाफाडीह रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख कर बताया है कि ग्राम गिरौद प.ह.नं. 22 स्थित भूमि ख.नं. 733/1, 733/2, 374/1, 741/2, 743/1, 743/2, 757/3, 772/1 रकबा क्रमशः 0.3650, 0.3640, 0.3200, 0.1410, 0.2550, 02510, 0.1580, 0.4820 हे. की भूमि राजेश्वरी राठौड पति केशवलाल के नाम पर दर्ज है। खाता धारक राजेश्वरी राठौड का दिनांक 12.12.2024 को फौत हो जाने के कारण फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र के साथ खसरा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न किया गया है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 26.06.205 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

दिनांक- 12.06.2025 तहसीलदार
स्थान- धरसींवा छ.ग. धरसींवा जिला,रायपुर (छ.ग.)

### 15 को डोमा में प्रदेश स्तरीय गुरु बालक दास वेशभूषा स्पर्धा

**आरंग।** ग्राम डोमा मे 15 जून को प्रदेश स्तरीय भव्य गुरु बालक दास वेशभूषा स्पर्धा का आयोजण किया गया है। स्पर्धा में भाग लिए बच्चों प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार 21000, द्वितीय 15000, तृतीय 11000 रु. दिया जाएगा। सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे ने बताया की इस स्पर्धा मे प्रदेश के साथ अन्य राज्यों से भी समाज प्रमुखों व सम्माननीय बुद्धिजीवी सामाजिक संत समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम मे सुबह 10 से 12 बजे तक सांस्कृतिक आयोजन हेमलाल चतुर्वेदी का रखा गया है। तदुपरान्त 12:30 बजे से शाम 6 बजे तक यह आयोजन किया जाएगा।

HEALTH TOWN
निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com
आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718
रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# इंतहा हो गई इंतजार की, अब तक आई न खबर मंत्रिमंडल विस्तार की

## छह माह से चल रही है कवायद, अब तक फैसला नहीं

हरिभूमि ▶▶ रायपुर

प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार को बने डेढ़ साल हो गए हैं, लेकिन अब तक मंत्रिमंडल का विस्तार अटका हुआ है। पहले ही एक मंत्री का पद खाली रखा गया था। इसके बाद बीते साल बृजमोहन अग्रवाल के लोकसभा चुनाव लड़ने के कारण उनके इस्तीफे से एक और मंत्री का पद खाली हो गया। इसके बाद यह बात सामने आई कि छत्तीसगढ़ में भी हरियाणा का फार्मूला लागू करते हुए 14 मंत्री रखे जाएंगे। ऐसे में तीन मंत्री बनाने की कवायद बीते छह माह से चल रही है। लगातार एक ही बात बार-बार कही जा रही है कि थोड़ा इंतजार करें, जल्द मंत्रिमंडल का विस्तार होगा।

अब तो इंतहा हो गई है इंतजार की, छह माह बाद भी अब तक खबर नहीं आई है मंत्रिमंडल विस्तार की। मंत्रिमंडल के लिए अब तक न तो चेहरे ही तय हुए हैं और न ही राष्ट्रीय संगठन से हरी झंडी मिली है। कई बार मुख्यमंत्री दिल्ली का भी दौरा कर चुके हैं। मुख्यमंत्री साय का लगातार एक ही बयान सामने आ रहा है कि थोड़ा इंतजार करें, मंत्रिमंडल का विस्तार समय पर होगा। यह सब कब आएगा, इसका इंतजार सब कर रहे हैं। प्रदेश में जब 2023 में भाजपा की सरकार बनी तो मुख्यमंत्री के अलावा 11 मंत्रियों को मंत्रिमंडल में रखा गया। एक मंत्री का पद खाली रखा गया। इसके बाद बीते साल मई में जब लोकसभा का चुनाव हुआ तो प्रदेश के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को लोकसभा का चुनाव लड़वाया गया। उनके जीतने के बाद उनको विधायक और मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। ऐसे में मंत्रियों के दो पद खाली हो गए।

### कई दिग्गज दावेदार

मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए थोक में कई दिग्गज दावेदार हैं। इसमें पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, अजय चंद्राकर, राजेश मूणत के साथ ही धरमलाल कौशिक, गजेंद्र यादव, लता उसेंडी, विक्रम उसेंडी, पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी के नाम अहम हैं। वैसे पहले भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव का भी नाम था, लेकिन उनको राष्ट्रीय संगठन ने वापस प्रदेशाध्यक्ष की कमान सौंप दी है। ऐसे में उनका नाम अब दावेदारों से अलग हो गया है।



### कई बार आई शपथ ग्रहण की खबर

मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बीते करीब छह माह से लगातार कवायद चल रही है। कुछ अवसरों पर यह बात भी सामने आई कि मंत्रिमंडल का विस्तार अमूख तारीख को किया जा रहा है और इसके लिए शपथ ग्रहण की तैयारी हो गई है। अप्रैल में निगम, मंडल, आयोग की पहली सूची के बाद कहा गया कि नवरात्रि में ही मंत्रिमंडल का विस्तार किया जा रहा है। इसके लिए तीन नाम भी सामने आए जिसमें बिलासपुर से अमर अग्रवाल, दुर्ग से गजेंद्र यादव और रायपुर से पुरंदर मिश्रा को मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की बात की गई। लेकिन यह सिर्फ चर्चा की साबित हुई। अब तक यह फाइनल नहीं हो सका है कि तीन मंत्री आखिर कौन होंगे जिनको मंत्रिमंडल में स्थान मिलेगा। वैसे दावेदार कई हैं।

### हरियाणा फार्मूला

बीते साल जब मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चर्चा प्रारंभ हुई तो यह बात सामने आई कि छत्तीसगढ़ में भी अब हरियाणा का फार्मूला लागू करते हुए मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित 14 सदस्य रखे जाएंगे। इसको लेकर मुख्यमंत्री साय का बयान भी सामने आया कि हरियाणा का फार्मूला लागू करने की तैयारी है।

# मुख्यमंत्री और श्रम मंत्री श्रमिकों के 31 मेधावी बच्चों को देंगे प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के तहत बोर्ड परीक्षा में कक्षा दसवीं और बारहवीं के टॉप 10 में आए पंजीकृत श्रमिकों के कुल 31 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह 15 जून को न्यू सर्किट हाउस में कार्यक्रम के दौरान दो-दो लाख रुपए प्रोत्साहन राशि भेंट करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रमिकों एवं उनके परिजनों के लिए बहुत सारी योजनाएं संचालित की जा रही है। श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ सनिर्माण एवं कर्मकार कल्याण मंडल योजनाओं के माध्यम से श्रमिकों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए लगातार आर्थिक मदद दी जा रही है।

**डीबीटी के माध्यम से 38200 निर्माण श्रमिकों के खाते में 19.71 करोड़ करेंगे अंतरित**

### वाहन के लिए 1 लाख और नकद प्रोत्साहन राशि 1 लाख

श्रम मंत्री श्री देवांगन ने बताया कि मंडल के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल में 10वीं कक्षा के 26 और 12वीं कक्षा के 5 बच्चों सहित कुल 31 श्रमिक बच्चों को 2 लाख प्रति छात्र दिए जाएंगे. इसमें 1 लाख दोपहिया वाहन के लिए और 1 लाख नकद प्रोत्साहन राशि के रूप में शामिल है। इसी तरह में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने राज्य के 38200 निर्माण श्रमिकों के लिए 19.71 करोड़ से ज्यादा की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी की जाएगी। यह राशि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत प्रदान की जाएगी।

**इन योजनाओं की राशि करेंगे अंतरित :** मिनीमाता महतारी जतन योजना 1,915 श्रमिकों को 3.83 करोड़, मुख्यमंत्री साइकिल सहायता योजना 279 श्रमिकों को 10.33 लाख, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना 6,319 श्रमिकों को 2.19 करोड़, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना 12 श्रमिकों को 94,800, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना 4,825 श्रमिकों को 96.17 लाख, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना 155 श्रमिकों को 37.63 लाख, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक दीर्घायु सहायता योजना 2 श्रमिकों को 40,000, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना 4,939 श्रमिकों को 74.08 लाख श्रमिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस. (कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ) मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

करन मोटर्स का 4000 स्वायर फीट में नया शोरूम ओपन
GRAND OPENING
शोरूम ऑपनिंग की खुशी में ऑफर SPECIAL OFFER
कोई भी पुरानी ई रिक्शा 4 बैटरी वाली लायें और लिथियम बैटरी वाली ई रिक्शा लेकर जायें बिना किसी डाऊनपेमेंट के 3 साल की वारंटी के साथ
आपकी पुरानी ई रिक्शा का 40000/- पाएं 0% डाऊनपेमेंट
नियम एवं शर्तें लागू*
कर्मा मेडिकल स्टोर के सामने कर्मा चौक, रामनगर रायपुर
98267 77050, 95845 00013

## न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.

// ईश्तहार //

क्रमांक/...../अ-6/वर्ष 2024-25 धरसींवा, दिनांक 12.06.2025
ग्राम गिरौद, प.ह.नं. 22
रा.नि.मं. धरसींवा 1
तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री केशव लाल राठौड पिता स्व. पांचा भाई राठौड निवासी गली नं. 01 राजीव गांधी वार्ड क्रमांक 13 कस्तुरचंद बाडा के पास फाफाडीह रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख कर बताया है कि ग्राम गिरौद प.ह.नं. 22 स्थित भूमि ख.नं. 733/1, 733/2, 374/1, 741/2, 743/1, 743/2, 757/3, 772/1 रकबा क्रमश 0.3650, 0.3640, 0.3200, 0.1410, 0.2550, 02510, 0.1580, 0.4820 हे. की भूमि राजेश्वरी राठौड पति केशवलाल के नाम पर दर्ज है। खाता धारक राजेश्वरी राठौड का दिनांक 12.12.2024 को फौत हो जाने के कारण फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र के साथ खसरा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न किया गया है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 26.06.205 तक स्वतः अथवा वैद्य प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 12.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

दिनांक- 12.06.2025 स्थान- धरसींवा छ.ग.
तहसीलदार धरसींवा जिला,रायपुर (छ.ग.)

### विमान हादसे में दिवंगत यात्रियों को दी श्रद्धांजलि



रायपुर। मार्निंग वॉक एवं कॉफी ग्रुप शंकर नगर चौपाटी द्वारा अहमदाबाद विमान हादसे में दिवंगतजनों की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री किशोर महानंद , बिहारी राम वर्मा पूर्व सरपंच सरोरा, डीआर साहू, सीताराम वर्मा, सीताराम कुर्रे वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, रामानंद पाण्डेय वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता, सुधीर चौबे महामंत्री भाजपा शंकर नगर मंडल, रामेश्वर साहू, पत्रकार दिलीप नामपल्लीवार, बबला ध्रुव, शिवलाल देवांगन, लंकेश वर्मा, राधे निषाद, मोहन राव, बबला साहू, कामेश साहू, सुभाष, मुकेश तिवारी, राजू प्रजापति, कृष्णकांत शर्मा, राजेश मिश्रा, टोमन यादव उपस्थित थे।

वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य है... रक्तदान जरूर करें...

BLOOD DONOR DAY

रक्तदान को बनाइये अभियान, रक्तदान करके बचाइये जान।

## विश्व रक्तदान दिवस

14 जून को पूरे विश्व के बहुत सारे देशों में लोगों के द्वारा हर वर्ष विश्व रक्त दाता दिवस मनाया जाता है। रक्त दाता इस दिन एक मुख्य भूमिका में होता है क्योंकि वो जरुरतमंद व्यक्ति को जीवन बचाने वाला रक्त दान करते हैं। वर्ष 2004 में विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस संघ तथा रेड क्रिसेंट समाज के द्वारा 14 जून को वार्षिक तौर पर मनाने के लिये पहली बार इसकी शुरूआत और स्थापना हुई। पर्याप्त रक्त आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिये सुरक्षित और बिना भुगतान वाले रक्त दाता, स्वेच्छा से रक्त-दान देने वाले को बढ़ावा देने, अपने बहुमूल्य कदम के लिये रक्त-दान करने वाले को धन्यवाद कहने के लिये पूरे विश्व के सभी देशों को प्रोत्साहित करने के लिये 58वें विश्व स्वास्थ्य सम्मेलन में 2005 में मई महीने में इसके 192 सदस्य राज्यों के साथ डबल्यूएचओ के द्वारा विश्व रक्त दाता दिवस की आधिकारिक रुप से स्थापना की गयी थी।

### रक्तदान से लाभ

रक्तदान करना न केवल किसी ज़रूरतमंद की जान बचाने का काम है, बल्कि यह स्वयं रक्तदाता के लिए भी कई लाभकारी होता है। रक्तदान के फायदे (Benefits of Blood Donation): ☑ 1. स्वास्थ्य की नियमित जांच होती हैरक्तदान से पहले आपकी ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, तापमान और पल्स जैसी जरूरी जांचें होती हैं, जिससे आपकी सेहत की मौजूदा स्थिति का पता चलता है। ☑ 2. हार्ट हेल्थ बेहतर होती हैनियमित रक्तदान से आयरन का स्तर नियंत्रित रहता है, जिससे हृदय रोग और हार्ट अटैक का खतरा कम हो जाता है। ☑ 3. नया रक्त बनने की प्रक्रिया तेज होती हैरक्तदान के बाद शरीर नया खून बनाता है, जिससे शरीर की रक्त निर्माण प्रणाली सक्रिय और स्वस्थ बनी रहती है। ☑ 4. कैलोरी बर्न होती हैएक बार रक्तदान करने से लगभग 650 कैलोरी तक बर्न होती हैं, जिससे फिटनेस बनाए रखने में मदद मिलती है। ☑ 5. कैंसर का खतरा कम हो सकता हैकुछ रिसर्च बताती हैं कि नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन स्तर संतुलित रहता है, जिससे शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस कम होता है और कुछ प्रकार के कैंसर का रिस्क घटता है। ☑ 6. मनोवैज्ञानिक लाभ (Mental Satisfaction)रक्तदान से आत्मसंतोष और मानसिक शांति मिलती है, क्योंकि आप किसी की जान बचाने का पुण्य कार्य कर रहे होते हैं। ☑ 7. ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता हैरक्तदान के बाद शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, जिससे त्वचा और अंगों तक बेहतर ऑक्सीजन पहुँचती है।

सार्थक ब्लड एण्ड कम्पोनेट सेंटर
आइए विश्व रक्तदाता दिवस के दिन रक्तदान करें
एक चुभन अनेक मुस्कान चलो करे रक्तदान
रक्त बिना नहीं जी सके, इक दिन भी इंसाान
रक्त से अपने कीजिए, यारों जीवन दान
विश्व रक्तदाता दिवस की शुभकामनाएं...
सुविधाएं
• 24 घंटे सेवा • फ्रेश प्लाज्मा, फ्रेश फोजन प्लाज्मा प्लेटलेट रिच प्लाज्मा, प्लेटलेट कान्सट्रेंट, होल ब्लड • फुली ऑटोमेटेड व्लड सेल सेपरेट • एलाइजा टेस्टिंग, चए.आई.व्ही. (एड्स), हेपाटाइटिस बी, हेपाटाइटिस सी प्रतिदिन उपलब्ध
गोयल काम्प्लेक्स पचपेड़िनाका, रायपुर
राजेश पटेल (संचालक)
9098919712, 9575555686, 9575555687

शिवनाथ ब्लड सेंटर
(A Unit of Chhattisgarh Development Initiative)
रक्तदान के पांच फायदे
■ हृदय रोग के जोखिम को करता है कम
■ कैंसर की संभावना में होती है कमी
■ मानसिक स्वास्थ्य में सुधार
■ वजन रहता है नियंत्रित
■ रोग प्रतिरोधक क्षमता में होती है बढ़ोत्तरी
प्रथम तल, श्री गुरूसिंह कैम्पस, मोर हॉस्पिटल के पीछे, मुक्तिधाम के पास, सेक्टर2, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन : 0771-4900811, मो. 7987344161, 7879173006
रक्तदान, महादान, जीवनदान

विश्व रक्तदान दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Manav Seva Blood Centre
ISO 9001 : 2015
24/7
रक्तदान जीवन दान
मानव सेवा ही माधव सेवा है
Available Services:
Whole Human Blood
Packed Cells
Fresh Frozen Plasma
Platelet
Platelet Rich Plasma
Hitesh K. Sahu
Managing Director
Opp. Rajkumar College, Thakur Tower
2nd Floor, G.E. Road, Raipur (C.G.)
Ph.:0771-2253444, 2254555
E-mail:manavsevabloodbank1@gmail.com

14 Jun WORLD BLOOD DONOR DAY
आज के दिन ब्लड डोनेट कर किसी का जीवन बचायें
खून की ये बून्दे साँसे है किसी की
रक्त बिना मिट जाती आस जिन्दगी की
जीवन है किसी , किसी पर मेहरबान
मानवता की होती है तभी तो पहचान
चाहो जीवन देना तो करो रक्तदान ।
Rajdhani Blood Center
Main Road, Badhaipara, Raipur, (C.G.) 492001
Jaswant Kumar Patel Managing Director 6268499902
Roshan Chandrakar Managing Director 7489072526

आशीर्वाद ब्लड सेंटर
रायपुर : इंडियन ओवर्सिस बैंक के पास राजीव नगर, क्रिस्टल आर्केट के पीछे लोधीपारा चौक, रायपुर (छ.ग.) फोन : 0771-4043768, 9993096768
भिलाई - 1 : इमेज डायग्नोटिक्स सेंटर के पास, होटल ग्रान्ड ढिल्लन के पीछे नेहरू चौक, भिलाई (छ.ग.) मो. 96917-33333, 9691744444
महासमुंद : पुराना रायपुर नाका, शंकर नगर चौक, महासमुंद (छ.ग.) मो. 6230405083, 9827929002
बिलासपुर : पल्लव भवन के पास, रिंग रोड नं. 2 बिलासपुर (छ.ग.) मो. 6230405082, 9190960000
भाटापारा : आशीर्वाद ब्लड सेंटर, भृगु हॉस्पिटल के पास, गोदडीवाला धाम के पास, भाटापारा, मो. 6230405084
तिल्दा : भैरवगढ़ मंदिर के पास, तिल्दा मो. 6230405081
नवापारा रायपुर : रिलायंस पेट्रोल के सामने दम्मानी कालोनी, नवापारा
आज के दिन ब्लड डोनेट कर किसी का जीवन बचायें
खून की ये बून्दे साँसे है किसी की
रक्त बिना मिट जाती आस जिन्दगी की
जीवन है किसी , किसी पर मेहरबान
मानवता की होती है तभी तो पहचान
चाहो जीवन देना तो करो रक्तदान ।
सुविधाएं : • 24 घंटे सेवा। • फ्रेश प्लाज्मा, फ्रेश फोजन प्लाजमा, प्लेटलेट रिच प्लाज्मा, प्लेटलेट कान्सट्रेंट, होल ब्लड • फुली ऑटोमेटेड ब्लड सेल सेपरेट • एलाइजा टेस्टिंग, एच.आई.वी. (एड्स), हेपाटाइटिस बी, हेपाटाइटिस सी प्रतिदिन उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### अभनपुर लोकल 5 दिनों के लिए रद्द, टिटलागढ़ पैसेंजर भी नहीं चलेगी

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में आरव्हीएच आरएसडी सेक्शन में प्रीएनआई, एनआई कार्य दोहरीकरण कार्य के कारण पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन 21 से 26 जून तक प्रभावित रहेगा। इस वजह से 68761 अभनपुर रायपुर पैसेंजर 22 से 26 जून तक रद्द रहेगी। रायपुर से भी 68762 पैसेंजर को रद्द किया गया है। इसके अलावा गाड़ी संख्या 58217 टिटलागढ़ रायपुर पैसेंजर 21 से 25 जून तक रद्द रहेगी। 58218 रायपुर टिटलागढ़ पैसेंजर 22 से 26 जून तक नहीं चलेगी। इसके अलावा 58207 रायपुर-जुनारगढ़ रोड पैसेंजर 22 जून एवं 23 जून को रायपुर से 2 घंटे रीशेड्यूल की जाएगी।

### सहायक सांख्यिकी अधिकारी के परिणाम जारी

**रायपुर।** व्यापम द्वारा सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। कृषि संचालनालय के अंतर्गत रिक्त पदों के लिए यह भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। व्यापम ने 13 मार्च को यह परीक्षा ली थी। कैंडिडेट्स व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट में जाकर अपने प्रोफाइल में लॉग-इन करके अपने नतीजे देख सकते हैं।

## निधन

### सौरभ मेघानी

**रायपुर।** गोल्डन ट्रेड सेंटर के सामने न्यू राजेंद्र नगर निवासी सौरभ मेघानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 14 जून को सुबह 10 बजे निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम जाएगी। वे हरनाम मेघानी के पुत्र एवं ऋतिक मेघानी के भाई थे।



### कल्लूमल मूलचंदानी

**रायपुर।** गली नंबर 3, महादेव मंदिर के पास, तेलीबांधा निवासी कल्लूमल मूलचंदानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 14 जून को सुबह 11 बजे निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम जाएगी। वे बल्लू एवं संजय के पिता थे।



### जितेंद्र मिश्रा

**रायपुर।** पुरानी बस्ती कायस्थ पारा निवासी जितेंद्र मिश्रा का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल 10 बजे निवास स्थान से निकालकर महादेवघाट श्मशानघाट में होगा। वे अजय मिश्रा, गुड्डी एवं बबली के भाई थे।



# रावांभाठा में बनेगा कंप्रेस्ड प्लांट, रोज 150 मीट्रिक टन कचरे से बनाई जाएगी बायोगैस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

राजधानी रायपुर में अब सूखा कचरा बेकार नहीं जाएगा। सूखा कचरा से बायोगैस बनाई जाएगी। इसके लिए शुक्रवार को नगर निगम रायपुर, छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) और भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के बीच त्रिपक्षीय अनुबंध हुआ।

इस अनुबंध के तहत 100 करोड़ रुपए की लागत से रावांभाठा क्षेत्र में कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) प्लांट स्थापित किया जाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा रियायती दर पर भूमि भी उपलब्ध कराई जाएगी।

### जैविक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा

इस प्लांट में सह-उत्पाद के रूप में प्राप्त जैविक खाद से जैविक खेती को भी प्रोत्साहन मिलेगा, साथ ही ग्रीन हाऊस गैस के उत्सर्जन में भी कमी आएगी, जिससे पर्यावरण स्वच्छ होगा। अनुबंध हस्ताक्षर के अवसर पर निगम के अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार गुप्ता, सीबीडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित सरकार और बीपीसीएल मुम्बई के हेड बायोफ्यूल्स अनिल कुमार पी उपस्थित रहे।



■ प्लांट की स्थापना के लिए नगर निगम, सीबीडीए और बीपीसीएल के मध्य हुआ एमओयू

### लोगों को रोजगार के साथ एक करोड़ का जीएसटी मिलेगा

बायोगैस प्लांट के स्थापित होने से जहां प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 30 हजार मानव दिवस प्रतिवर्ष रोजगार सृजित होंगे, साथ ही लोगों को रोजगार भी मिलेगा। इस प्लांट में पूर्ण क्षमता के उत्पादन एवं विक्रय होने पर प्रतिवर्ष लगभग 1 करोड़ रुपए का जीएसटी भी प्रशासन को प्राप्त होगा।

### हर रोज बायोगैस बनाने 150 मीट्रिक टन कचरा का होगा इस्तेमाल

कलेक्टर गौरव कुमार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीबीडीए सुमित सरकार, हेड बायोफ्यूल्स बीपीसीएल मुम्बई अनिल कुमार पी., नगर निगम आयुक्त विश्वदीप की उपस्थिति में निगम, सीबीडीए और बीपीसीएल के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत निगम एवं आसपास के निगमों से लगभग 150 मीट्रिक टन प्रतिदिन ठोस अपशिष्ट का उपयोग जैव ईंधन उत्पादन में किया जाएगा।

## सुपरवाइजर सहित तीन सेल्समैन अभी फरार

# लालपुर शराब दुकान में मिलावटी एवं बगैर होलोग्राम शराब बेचने का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के लालपुर शासकीय कम्पोजिट शराब दुकान में मिलावटी शराब के साथ बगैर होलोग्राम शराब बेचने का बड़ा खेल चल रहा था। इसकी शिकायत मिलने पर शुक्रवार को आबकारी विभाग के संभागीय उड़नदस्ता टीम ने रात करीब साढ़े आठ बजे इस दुकान में छापा मारा और यहां से करीब ढाई सौ पेटी चीप रेट ब्रांड की मिलावटी शराब तथा 26 पेटी गोवा ब्रांड की बगैर होलोग्राम शराब बरामद की।

इस दौरान टीम ने यहां कार्यरत तीन सेल्समैन को भी गिरफ्तार किया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। दुकान में कार्यरत सुपरवाइजर सहित तीन सेल्समैन अभी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

### एडीईओ की लापरवाही भी उजागर

शराब दुकानों की निगरानी के लिए एडीईओ अफसरों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, लेकिन कई अफसर नियमित रूप से शराब दुकानों का निरीक्षण तक नहीं करते, जिसका फायदा शराब दुकानों में कार्यरत सुपरवाइजर एवं सेल्समैन उठाते हैं। बताया गया कि लालपुर क्षेत्र की शराब दुकानों की जिम्मेदारी एडीईओ तिवारी को दी गई है। सूत्रों के अनुसार लालपुर शराब दुकान में मिलावटी एवं बगैर होलोग्राम शराब बेचने की पूर्व में भी सूचना विभाग को मिल चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस मामले की शिकायत मुख्यालय पहुंची, तब जाकर दुकान में दबिश दी गई।

### आबकारी संभागीय उड़नदस्ता टीम ने मारा छापा

- 3 सेल्समैन गिरफ्तार
- ढाई सौ पेटी चीप रेट ब्रांड की मिलावटी शराब
- 26 पेटी गोवा ब्रांड की बगैर होलोग्राम शराब बरामद की



### *शाम को बैठक, रात में छापा*

*आबकारी विभाग के अधिकारियों की शाम को सिविल लाइन स्थित आबकारी कंट्रोल रूम में बैठक हुई। इस बैठक के कुछ घंटे के बाद संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने लालपुर स्थित कंपोजिट शराब दुकान में छापा मारा। सूत्रों की मानें, तो छापा मारने की खबर जिला विभाग के अधिकारियों को भी नहीं दी गई थी। छापा मारने के बाद इस कार्रवाई की सूचना उन तक पहुंची। विभागीय सूत्रों के अनुसार इस छापा मारी में दुकान से मिलावटी शराब के अलावा बगैर होलोग्राम शराब भी बरामद की गई है। इसमें चीप रेट ब्रांड की 250 मिलावटी शराब की पेटी तथा गोवा ब्रांड की बगैर होलोग्राम 26 पेटी शराब शामिल है। सूत्रों की मानें, तो इसके अलावा दुकान से ऑनलाइन स्टॉक में भी गड़बड़ी पाई गई है, जिसकी जांच की जा रही है।*

# ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़ेंगे स्कूली छात्र ओलंपियाड के जरिए बताया जाएगा कॅरियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑटोमोबाइल सेक्टर में युवाओं की रुचि जगाने के उद्देश्य से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने ऑटोमोटिव स्किल्स डेवलपमेंट काउंसिल के साथ मिलकर नेशनल ऑटोमोबाइल ओलंपियाड की शुरुआत की है। इस बाबत सीबीएसई की ओर से सभी स्कूलों को एक पत्र भेजा गया है। पत्र के मुताबिक, कक्षा छठी से बारहवीं तक के छात्र इस ओलंपियाड में 31 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। यह ओलंपियाड का चौथा संस्करण है।

सीबीएसई के मुताबिक, इस ओलंपियाड के माध्यम से छात्र भविष्य की मोबिलिटी- इलेक्ट्रिक, कनेक्टेड और ऑटोनॉमस थीम के माध्यम से छात्र मेकाट्रॉनिक्स, रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और सस्टेनेबल मोबिलिटी जैसे उभरते क्षेत्रों से परिचित होंगे और इन क्षेत्रों में कॅरिअर की दिशा में सोच सकेंगे। राष्ट्रीय ऑटोमोबाइल ओलंपियाड देशभर के युवाओं को ऑटोमोबाइल उद्योग में आकांक्षी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



■ जुलाई अंत तक दिया जाएगा समय, सभी बोर्ड के छात्र बन सकेंगे हिस्सा

■ छत्तीसगढ़ के शाला प्राचार्यों को भी लिखा गया खत

### *तीन स्तर पर प्रतियोगिता*

*इस ओलंपियाड के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ओलंपियाड तीन स्तरीय होगी। पहले स्तर के तहत छठी से आठवीं के छात्र, दूसरे स्तर में नौवीं व दसवीं व तीसरे स्तर में ग्यारहवीं व बारहवीं के छात्र शामिल होंगे।*

*क्षेत्रीय स्तर पर प्रतियोगिता अक्टूबर-नवंबर में जबकि राष्ट्रीय स्तर का फाइनल दिसंबर में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में होगी, इसमें सभी शिक्षा बोर्ड के छात्र हिस्सा ले सकते हैं। अर्थात सीबीएसई के साथ ही राज्य शिक्षा बोर्ड के छात्र भी इसमें हिस्सा ले सकेंगे।*

### प्राचार्य करेंगे प्रेरित

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध स्कूलों से इस प्रतियोगिता में भाग लेने का आग्रह किया गया है। इसके साथ ही प्राचार्यों से भी कहा गया है कि वे छात्रों को अपने स्तर पर इसमें हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करें। बोर्ड का मानना है कि ओलंपियाड छात्रों को 21वीं सदी के कौशल से लैस करता है। यह प्रयास छात्रों को एक समग्र और कौशल आधारित शिक्षा के लिए प्रेरित करना है, जो एनईपी की सोच के अनुरूप है।

# परिवार गया विवाह समारोह में, चोर ने किया घर साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ गुढ़ियारी थाने में महिला ने लिखाई साढ़े 11 लाख चोरी की रिपोर्ट

■ घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया, संदिग्ध घर के आसपास मंडराते दिख रहा

गुढ़ियारी थाने में एक महिला ने अज्ञात चोर के खिलाफ साढ़े 11 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस को बताया है कि उनका परिवार विवाह समारोह में शामिल होने गया था, इस दौरान अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान में दबिश देकर चोरी की। घटना का सीसीटीवी फूटेज सामने आया है, जिसमें परिवार विवाह समारोह में जा रहा था, इस दौरान एक संदिग्ध मौके पर घर के लोगों को कार में सवार होकर जाते देख रहा है। गुढ़ियारी, आंबेडकर चौक निवासी मीना रंगारी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। मीना ने पुलिस को बताया है कि बुधवार दोपहर उनका परिवार एक विवाह समारोह में शामिल होने टाटीबंध, अग्रसेन भवन में गया था। दूसरे दिन तड़के साढ़े तीन बजे लौटे तो मेन गेट का ताला टूटा मिला।

अज्ञात चोर अलमारी का लॉकर तोड़ लॉकर के अंदर रखे जेवर चोरी कर ले गया था। पुलिस को आशंका है कि जो व्यक्ति मीना के परिवार को विवाह समारोह में जाते देख रहा है, उसी ने चोरी की होगी।

### चोरी के आरोप में नाबालिग गिरफ्तार

घटना स्थल से प्राप्त सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस ने मीना के घर चोरी करने के आरोप में एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। नाबालिग ने पुलिस को बताया है कि उसने मीना तथा उनके परिवार को विवाह समारोह में जाते देख लिया था। इसलिए वह सूनेपन का फायदा उठाकर मौके पर ही चोरी करने का प्लान तैयार कर मकान में चोरी करने पहुंचा। पुलिस ने नाबालिग के कब्जे से चोरी के जेवर बरमाद कर लिए हैं।

# वीरेंद्र तोमर की पत्नी के साथ दो अन्य को पुलिस ने जेल भेजा

■ गिरफ्तार आरोपियों में एक महिला दिल्ली की तथा दूसरा मध्यप्रदेश का रहने वाला

■ पूछताछ में सहयोग नहीं करने तथा मारपीट करने के आरोप में तीनों की गिरफ्तारी की गई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

परिवार के साथ मिलकर सामूहिक रूप से सूदखोरी का कारोबार करने वाले हिस्ट्रीशीटर बदमाश वीरेंद्र तोमर की पत्नी को पुलिस ने एक्सटार्सन, कर्जा एक्ट तथा यू-ट्यूबर तथा उसके कैमरामैन को बंधक बनाकर मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

यू-ट्यूबर तथा उसके कैमरामैन से मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने और दो अन्य को भी गिरफ्तार किया है। जिन दो अन्य को गिरफ्तार किया है, उनमें दिल्ली की एक महिला तथा मध्यप्रदेश का एक व्यक्ति शामिल है। पुलिस ने जिन तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें वीरेंद्र की पत्नी शुभ्रा सिंह उर्फ नेहा के साथ अपने आपको करणी सेना महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष बताने वाली दिल्ली निवासी संगीता सिंह तथा वीरेंद्र तथा रोहित का मददगार मध्यप्रदेश, भोपाल निवासी प्रभंजन सिंह है। यू-ट्यूबर माना निवासी गायत्री सिंह ने तीनों के खिलाफ मारपीट करने, कैमरा तोड़ने तथा घर में बंधक बनाकर मारपीट करने की थाने में शिकायत दर्ज कराई है। गायत्री ने पुलिस को बताया है कि गुरुवार को वह अपने कैमरामैन के साथ वीरेंद्र के घर के बाहर शूटिंग कर रहे थे। इसी दौरान संगीता तथा प्रभंजन कार से उतरे और उनके साथ गाली-गलौज करते हुए कैमरा जमीन पर पटक दिया और मारपीट करने लगे। इस दौरान वीरेंद्र की पत्नी घर से बाहर निकली और तीनों ने मिलकर गायत्री तथा उसके कैमरामैन को जबरन घर के अंदर ले जाकर बंधक बनाकर मारपीट की।

### पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे

वीरेंद्र, रोहित तथा उनके परिवार के अन्य सदस्य के खिलाफ गिरोह बनाकर सूदखोरी करने के साथ लोगों की प्रॉपर्टी जबरन कब्जा करने, दिए गए कर्ज के बदले कई गुना ज्यादा रकम वसूलने के साथ ब्लैकमेलिंग करने के गंभीर आरोप हैं। इन मामलों में पुलिस ने वीरेंद्र तथा रोहित की पत्नी को पूछताछ करने पूर्व में बुलाया था। बावजूद इसके वीरेंद्र तथा रोहित की पत्नी ने पूछताछ में पुलिस की किसी भी तरह से मदद नहीं की। इसके कारण पुलिस ने वीरेंद्र की पत्नी को गिरफ्तार किया है। वीरेंद्र तथा रोहित तोमर के परिवार से जुड़े दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वीरेंद्र की पत्नी के पूर्व उसके भतीजे को गिरफ्तार किया है, जो वर्तमान में न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद है।

# शिक्षा और स्वास्थ्य में समन्वय पर बैठक

**रायपुर।** शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के बीच समन्वय स्थापित कर बच्चों और किशोरों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने महानदी भवन नवा रायपुर में एक महत्वपूर्ण अंतरविभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु), एनीमिया मुक्त भारत अभियान , राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस , किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चल रही गतिविधियों की समीक्षा की गई और इन्हें शिक्षा विभाग के साथ एकीकृत करने की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक के दौरान सचिव स्वास्थ्य अमित कटारिया, आयुक्त सह संचालक डॉ प्रियंका शुक्ला, संबंधित स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल/ उप संचालक व शिक्षा विभाग के उप संचालक उपस्थित रहे।

## पेज 03 के शेष ...

### समय पर छूट...

यही नहीं, रायपुर से बिलासपुर, डोंगरगढ़ लोकल ट्रेनें भी 30 से 40 मिनट तक लेट चल रही हैं। यात्री लगातार रेलवे को सुपरफास्ट व एक्सप्रेस ट्रेनों के समय पर नहीं चलने की शिकायत कर रहे हैं। इसके बाद भी जोन और मंडल की ट्रेनों में कोई विशेष सुधार देखने को नहीं मिल रहा है।

**ट्रेन के इंतजार में परेशान** : मुंबई एक्सप्रेस 2 घंटे विलंब से पहुंची। इसी तरह हैदराबाद रक्सौल वीकली ट्रेन और हावड़ा मुंबई मेल, आजाद हिंद एक्सप्रेस, अहमदाबाद, साउथ बिहार जैसी लंबी दूरी की ट्रेनें 2 से 5 घंटे विलंब से पहुंची। यात्री स्टेशन में ट्रेन के इंतजार में परेशान होते हुए नजर आए।

### गांजा तस्कर की...

से लाकर गांजा बेचने का कारोबार कर रहा था। सुशंकर पूर्व में भी गांजा तस्करी करने के आरोप में जेल जा चुका है। बावजूद इसके उसने गांजा खरीदी-बिक्री करने का काम बंद नहीं किया था। इस वजह से उसकी गांजा की अवैध कमाई से खरीदी गई चल तथा अचल संपत्ति को सफेमा एक्ट के तहत अटैच करने की कार्रवाई करने रेंज आईजी अमरेश मिश्रा तथा एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने निर्देश दिए थे।

### 45 किलो गांजा के...

ने मुखबिर की सूचना पर सुशंकर को कमल विहार चौक के पास से गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस गिरफ्त में आए तस्कर ओडिशा से गांजा तस्करी कर ला रहे थे। पुलिस ने कार रुकवाकर डिक्की की जांच की, तो डिक्की में गांजा मिला था।

# रक्त संग्रहण के मामले में 116 फीसदी की उपलब्धि



**रायपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ ने सिर्फ एक स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं चलाया बल्कि एक ऐसा जनांदोलन खड़ा किया, जिसने सेवा, संकल्प और सामुदायिक चेतना का अप्रतिम उदाहरण प्रस्तुत हुआ। यह महज सरकारी आंकड़ों की बात नहीं, बल्कि जनमानस की संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व का प्रमाण है। राज्य ने 2.55 लाख यूनिट के वार्षिक लक्ष्य के मुकाबले 2 लाख 97हज़ार 130 यूनिट रक्त संग्रह कर 116 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है जो राष्ट्रीय स्तर पर भी एक प्रेरणादायक कीर्तिमान है। जब देश के अनेक राज्यों में रक्त की कमी गंभीर समस्या बनी हुई है, छत्तीसगढ़ का यह मॉडल पूरे भारत के लिए उदाहरण बन सकता है। यह एक 'रक्त आपूर्ति तंत्र' नहीं, बल्कि संवेदनशील समाज की पहचान है।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


## बिजनेस साइट

### एसआरयू में न्यूरोडायवर्सिटी पर मानव संसाधन सम्मेलन 2025 का आयोजन आज



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय (एसआरयू) में आज एक महत्वपूर्ण 'मानव संसाधन सम्मेलन 2025' का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विषय 'कार्यस्थल पर न्यूरोडायवर्सिटी : संज्ञानात्मक समावेशन के युग में प्रतिभा की पुनर्कल्पना' है। इस सम्मेलन का उद्देश्य समावेशी रोजगार की दिशा में सार्थक संवाद को बढ़ावा देना और न्यूरोडायवर्सेंट प्रतिभाओं की अनदेखी क्षमताओं को सामने लाना है। कार्यक्रम का उद्घाटन रायपुर उत्तर के विधायक पुरेंदर मिश्रा द्वारा किया जाएगा, जो कार्यस्थल पर समावेशन के महत्व को रेखांकित करते हुए अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। उनके साथ मंच साझा करेंगे छत्तीसगढ़ निशक्तजन वित्त विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया और आरडीसी कंक्रीट (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अनिल बंछोर, जो कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और नीति निर्माण में समावेशन के महत्व पर अपने अनुभव साझा करेंगे।

### 'फन फेयर एयरलाइंस' राइड बनी मुख्य आकर्षण, मेले में उमड़ी भीड़



**रायपुर।** गर्मियों की छुट्टियों में रायपुरवासियों के मनोरंजन के लिए अग्रसेन चौक, भैंसथान मैदान में फन फेयर मेला का आयोजन किया गया है। मेले का सबसे बड़ा आकर्षण बना 'फन फेयर एयरलाइंस' नामक एयरप्लेन राइड है, जो बच्चों से लेकर युवाओं तक सभी को रोमांचित कर रही है। मेले के आयोजक शोएब ने बताया कि मेले में डबल डिस्क फ्रीजबी, टोरा-टोरा, जायंट व्हील, ब्रेक डांस, ड्रैगन ट्रेन, कोलंबस, मिकी माउस झूला और मिनी ट्रेन जैसे राइड्स बच्चों और बड़ों दोनों को समान रूप से आकर्षित कर रहे हैं। मेले में केवल झूले ही नहीं, खानपान और शॉपिंग जोन भी लोगों को खूब लुभा रहे हैं। महिलाएं जहां हस्तशिल्प, फैशन ज्वेलरी और घरेलू सजावटी सामान की खरीदारी में व्यस्त हैं, वहीं बच्चे खिलौनों और स्ट्रीट फूड के स्टॉल्स की ओर दौड़ते नजर आ रहे हैं।

### उर्मिला हॉस्पिटल में विशाल रक्तदान शिविर आज

**रायपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर उर्मिला फाउंडेशन एवं लाइफ लाइन ब्लड सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में आज एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल भाठागांव रायपुर की चौथी मंजिल पर दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। शिविर में शहर के युवाओं, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों एवं आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी की उम्मीद की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान एक विशेष स्वास्थ्य सेमिनार भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सक स्वास्थ्य और रक्तदान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करेंगे।

***भारी विरोध के बाद फार्मेसी काउंसिल बैकफुट पर*** *: रायपुर। स्टेट फार्मेसी काउंसिल में दो से तीन गुना तक पंजीयन फीस बढ़ाए जाने एवं नवीनीकरण शुल्क वृद्धि पर पुनर्विचार किया जाएगा। इसके लिए 2 जुलाई को कार्यसमिति की विशेष बैठक बुलाई जाएगी। एक जून से लागू किए गए नये शुल्क को लेकर विभिन्न संगठनों द्वारा भारी विरोध किया जा रहा था, जिसके बाद फार्मेसी काउंसिल बैकफुट पर आ गई है।*







हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 14 जून 2025
# लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

शिक्षक स्वयं को अपग्रेड करने के साथ...

## एजूकेशन अलर्ट

### सहायक शिक्षक के पद पर समायोजन के लिए 17 जून से शुरू होगी काउंसिलिंग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 30 अप्रैल 2025 को जारी आदेश क्रमांक एफ 2-19/2024/20-तीन के तहत सेवा से समाप्त किए गए बी.एड. अर्हताधारी सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इस निर्णय के तहत समायोजन की प्रक्रिया ओपन काउंसिलिंग के माध्यम से की जाएगी, जो दिनांक 17 जून 2025 से 26 जून 2025 तक प्रतिदिन शासकीय शिक्षा महाविद्यालय परिसर, शंकर नगर, रायपुर में आयोजित की जाएगी।कुल 2621 अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में सम्मिलित किया गया है। इन अभ्यर्थियों के समायोजन के लिए राज्य के 29 जिलों के स्कूलों में 2621 रिक्त पद निर्धारित किए गए हैं। काउंसिलिंग प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए इसे दो पालियों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम पाली में 150 एवं द्वितीय पाली में 150 अर्थात प्रतिदिन कुल 300 अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग होगी। काउंसिलिंग में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थियों की सूची स्कूल शिक्षा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट https://eduportal.cg.nic.in/ पर उपलब्ध है। उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय ने अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों सहित काउंसिलिंग स्थल पर उपस्थित रहें।

#### बीएड प्रशिक्षण के लिए अनंतिम चयन व प्रतीक्षा सूची जारी

शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, शंकर नगर रायपुर द्वारा बीएड (विभागीय) सत्र 2025-27 हेतु अनंतिम चयन सूची एवं अनंतिम प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। यह सूची महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट **http://cteraipur.org/** एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की वेबसाइट **https://scert.cg.gov.in/** पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी दिनांक 12 जून 2025 से 20 जून 2025 तक चयन सूची व प्रतीक्षा सूची के संबंध में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी प्रकार के दावे-आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए अभ्यर्थियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय, शंकर नगर, रायपुर के कक्ष क्रमांक 7 में प्रवेश प्रभारी के समक्ष कार्यालयीन समय में अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

## हर साल शहर में बढ़ रही रक्त की आवश्यकता, इसलिए अब हर महीने लगा रहे कैंप

# एक कॉल पर जिंदगी बचाने पहुंचते हैं डोनर, कैंसर मरीजों को श्वेत रक्त कोशिकाएं भी मुफ्त में दे रहे मददगार

**सिकलसेल, थैलेसीमिया, कैंसर से पीड़ित मरीजों और उनके परिवार के सदस्यों को एक बोतल रक्त की अहमियत पता है। स्वस्थ व्यक्ति के 350 मिलीग्राम खून से कई मरीजों को नया जीवन मिलता है। इन दिनों मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए शहर में अनेक ब्लड बैंक की शुरुआत की गई है। साथ ही शिविर के माध्यम से लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।**




**रायपुर।** मेकाहारा अस्पताल से ब्लड बैंक के इंचार्ज अमित भारद्वाज ने बताया कि रोजाना 70-80 मरीजों तक ब्लड पहुंचाया जाता है, वहीं 5-10 मरीजों को प्लेटलेट्स और 20-25 को आरसीसी पहुंचाया जाता है। प्रत्येक माह 2 हजार से अधिक मरीजों को अस्पताल से रक्त दिया जा रहा है। अस्पताल में सिकलसेल और थैलेसीमिया के मरीजों की संख्या अधिक है, जिसे एक माह में 3-4 बोतल खून की जरूरत होती है। इस वजह से रक्तदाताओं की संख्या बढ़ने पर भी पूर्ण रूप में जरूरत पूरी नहीं हो पा रही है। इसके लिए आज भी अधिक से अधिक रक्तदान की आवश्यकता है।



### 300 से 500 मरीजों तक पहुंचाते हैं रक्त

आपातकालीन स्थिति में ब्लड बैंक एवं रक्तदाता तत्काल अस्पताल में मौजूद रहते हैं, ताकि पीड़ित परिवार को सही समय पर खून उपलब्ध कराया जा सके। रक्तदाता और ब्लड इंटिग्रेटेड एक्टिविस्ट लाइफ सेलर्स ब्लड बैंक के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन राव ने बताया कि भिलाई, दुर्ग, रायपुर जैसे अनेक शहरों में रक्तदान की जरूरत होने पर टीम के साथ अस्पताल पहुंचते हैं, जिसके लिए अनेक ब्लड बैंक और अस्पतालों में पहले से साझेदारी की गई है, जो जरूरत पड़ने पर तुरंत संपर्क करते हैं। साल 2020 जनवरी से संस्था की शुरुआत की गई, हर साल 300 से 500 मरीजों तक रक्त पहुंचाया जाता है। इसके लिए 400-500 सदस्यों की बड़ी टीम का सहयोग मिलता है, जो प्रदेशभर के अनेक क्षेत्रों में हैं।

### 350 मिलीग्राम खून से 2-3 को नया जीवन

वर्तमान परिस्थिति में शहर से अधिक ग्रामीण मरीजों तक रक्त पहुंचाने में सर्वाधिक समस्या



आ रही है। डॉ. अरविंद नेरल ने बताया कि महिलाएं 4 माह में और पुरुष 3 माह में रक्तदान कर सकते हैं। एक सामान्य स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में 4-5 लीटर खून होना चाहिए। रक्तदान के बाद लगभग 3-4 दिनों के भीतर ही रक्त की पूर्ति स्वस्थ शरीर कर लेता है। लगभग एक व्यक्ति के 350 मिलीग्राम खून से 2-3 लोगों को नया जीवन दिया जा सकता है।

### कैंसर मरीज को दान की श्वेत रक्त कोशिका

शेख अब्दुल्ला एक ऐसे रक्तदाता हैं, जिन्होंने दो माह पहले कैंसर मरीज को श्वेत रक्त कोशिका (डब्ल्यूबीसी) दान कर एक नया जीवन दिया है। यह जटिल प्रकिया है, जिसमें एक ही स्थान पर चार घंटे



स्थिर रहना पड़ता है। सामान्य शब्दों में समझें तो डब्ल्यूबीसी शरीर में संक्रमण को पहचानने और उनसे लड़ने में मदद करता है। वह एंटीबॉडी बनाता है और अन्य प्रतिरक्षा कोशिकाओं के साथ मिलकर काम करता है। डब्ल्यूबीसी काउंट का सामान्य मान प्रति माइक्रोलीटर रक्त में 5000 से 10000 कोशिकाओं के बीच होता है, इसलिए यह एक जटिल प्रक्रिया के रूप में है। स्वस्थ शरीर में डब्ल्यूबीसी बनने में लगभग 13-20 दिन का वक्त लगता है।

### लोगों की मदद करने से मिलती है खुशी

बातचीत के दौरान रक्तदाता शेख अब्दुल्ला से बताया कि रक्तदान से पहले किस मरीज को दान कर रहे हैं, इसकी जानकारी नहीं होती। प्रत्येक व्यक्ति को एक ही मनोभाव से रक्तदान करता हूं। श्वेत रक्त कोशिका दान करने के दौरान लगातार 4 घंटे स्थिर रहना पड़ा। इस दौरान दोनों हाथों से रक्त निकालने के लिए मशीन लगी थी। इस स्थिति में लगभग 7-10 दिन दोनों हाथों में दर्द बना रहा, लेकिन इसके बाद भी कैंसर मरीज की मदद करने की चाह बनी रही। अब तक 8-10 बार ब्लड डोनेट करने का मौका मिला है, वहीं एचडीपी 2-4 बार किया है।

## सिटी इवेंट

### टैलेंट शो में शास्त्रीय नृत्य से लेकर गीतों तक बच्चों और महिलाओं की प्रस्तुति ने मोहा मन




**रायपुर।** माहेश्वरी युवा मंडल एवं महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में वृंदावन हॉल में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम टैलेंट शो का आयोजन किया गया। इस आयोजन में समाज के नन्हे बच्चों से लेकर युवतियों तक ने अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुति से हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने गायन, नृत्य और शास्त्रीय कलाओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। शास्त्रीय नृत्य ने जहां दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया, वहीं हिंदी गीतों की मधुर प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। विशेष रूप से बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी वर्गों के लोगों को प्रभावित किया और उनके अंदर छिपी प्रतिभा की सराहना हुई।

#### विजेता करेंगे प्रादेशिक स्तर पर प्रतिनिधित्व

कार्यक्रम में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और दर्शकों ने हर प्रस्तुति पर तालियों की गूंज से कलाकारों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में एकल नृत्य, शास्त्रीय नृत्य और समूह नृत्य की प्रतियोगिताओं में जूनियर वर्ग में नीती राठी ने प्रथम और आरोही साबू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में स्मृति चांडक ने प्रथम और हृतु चांडक ने द्वितीय स्थान हासिल किया। एकल गायन प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप से सान्वी परतानी प्रथम और विहान टावरी द्वितीय रहे। सीनियर ग्रुप में ग्रुप ए के हार्दिक सारडा और ग्रुप बी की हर्षिका मल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संगीत वादन (एकल वादन) में जूनियर ग्रुप से विवान चांडक ने प्रथम और विहान परतानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सीनियर ग्रुप में रौनक चांडक ने पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को आगामी प्रादेशिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में माहेश्वरी युवा मंडल रायपुर की ओर से प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया जाएगा।

#### प्रस्तुति के माध्यम से समाज को सकारात्मक संदेश



कार्यक्रम का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं था, बल्कि प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से समाज को सकारात्मक संदेश देने का भी प्रयास किया। मंच संचालन का दायित्व अंजलि गिलड़ा और हिमांशी मुंधड़ा ने बखूबी निभाया। इस अवसर पर माहेश्वरी युवा मंडल रायपुर के अध्यक्ष रोमिल राठी, सचिव परेश भट्टड़, कोषाध्यक्ष सीए अमित राठी तथा महिला समिति की अध्यक्षा विद्या काबरा, सचिव निधि चांडक, कोषाध्यक्ष स्नेहा लाखोटिया और मीडिया प्रभारी अतुल एवं ममता टावरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## 10 शहरों के 5798 अनुभवों से बुजुर्गों युवाओं के रिश्तों पर राष्ट्रीय रिपोर्ट तैयार

**रायपुर।** हेल्पएज इंडिया द्वारा विश्व वरिष्ठ दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के अवसर पर अंडरस्टैंडिंग इंटरजनरेशनल डायनॉमिक्स एंड परसेप्शन्स ऑन एजिंग विषय पर आधारित राष्ट्रीय रिपोर्ट आईएनबीओ का विमोचन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर स्थित सीवी रमन ऑडिटोरियम में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान किया गया। इस अवसर के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल ने की। आरजे अनिमेष ने विशेष अतिथि के रूप में युवाओं को बुजुर्गों से जुड़ाव बढ़ाने हेतु प्रेरित किया। इस रिपोर्ट में देश के 10 मेट्रो और नॉन-मेट्रो शहरों के 5798 युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों को आधार बनाकर पीढ़ियों के बीच संवाद, सम्मान और डिजिटल दूरी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला गया है।



### डिजिटल साक्षरता और बुजुर्गों की देखभाल में महत्वपूर्ण

कार्यक्रम में शमित्रा शाह (एनसीसी), यमला साहू, उपाध्यक्ष, अजय कुमार, सचिव, कल्याणी वेलफेयर एवं सीपी देवांगन, अध्यक्ष, वरिष्ठ नागरिक परिसंघ सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। हेल्पएज इंडिया के राज्य प्रमुख शुभंकर बिस्वास ने रिपोर्ट के मुख्य बिंदुओं को साझा करते हुए युवाओं की भूमिका को डिजिटल साक्षरता और बुजुर्गों की देखभाल में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. फलेंद्र ने किया, डॉ. एलएस घजपाल एवं डॉ. कलोल कुमार घोष ने आयोजन स्थल की व्यवस्था में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में भिलाई, बिलासपुर, भाटापारा से आए वरिष्ठ नागरिकों, एनएसएस के छात्र एवं नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

## बेहतर सर्जन बनने के लिए तपस्या अनुभव और मानवीय करुणा जरूरी

**रायपुर।** डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय में जनरल सर्जरी विभाग द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय सर्जन सप्ताह के अंतर्गत विभाग और विद्यार्थियों के सहयोग से किया गया। आयोजन का प्रमुख उद्देश्य सर्जनों की समाज में भूमिका को रेखांकित करना, उनकी सेवाभावना को जनसामान्य तक पहुंचाना और सर्जिकल स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा है। प्रतिभागियों ने सर्जरी, कैंसर से बचाव, पोस्ट-ऑपरेटिव केयर और जनजागरूकता विषय पर रचनात्मक पोस्टर तैयार किया।



### विश्व सर्जन सप्ताह में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ से सर्जरी रेजिडेंट एवं अध्यक्ष डॉ. रेशम सिंह ने कहा कि अस्पताल में मरीजों का इलाज निशुल्क रूप से किया जाता है। ऑपरेशन के दौरान मरीज को स्वस्थ जीवन देने में सर्जन का भी विशेष महत्व होता है। कार्यक्रम के दौरान सर्जरी विभाग के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन करते हुए समाज के प्रति जिम्मेदारी और उद्देश्य को बताने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनरल सर्जरी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू सिंह ने बताया कि कैंसर से बचाव उसका सर्वोत्तम इलाज है। शीघ्र निदान और समय पर उपचार अनेक जटिलताओं को रोक सकता है। सर्जरी केवल उपचार नहीं, बल्कि एक नई जीवन दिशा देने का कार्य है। इस दौरान सर्जन डॉ. अमित अग्रवाल डॉ. सरिता दास, डॉ. राजेंद्र रात्रे एवं डॉ. वीरेंद्र प्रताप भी उपस्थित रहीं।

## पापा के लिए परफ्यूम से लेकर गैजेट्स तक, गिफ्ट हैंपर बना रहा खास

कार्नर न्यूज

# फादर्स-डे : गिफ्ट्स में बोलेंगी भावनाएं, नाम, फोटो और खुशबू से सजे तोहफे, म्यूजिकल बॉक्स में देंगे स्पेशल मैसेज

**रायपुर।** फादर्स-डे एक दिन शेष रह गया है। इस दिन को खास और यादगार बनाने के लिए शहर के बाजार सज चुके हैं। हर दुकान और गिफ्ट स्टोर पर पापा के चेहरे पर मुस्कान लाने वाले तोहफों की भरमार है। बच्चों और युवाओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। वे अपने सुपरडैड के लिए ऐसे गिफ्ट चुन रहे हैं, जो न सिर्फ खूबसूरत हों, बल्कि यादों से भी भरे हों। गिफ्ट शॉप्स में कस्टमाइज आइटम्स की सबसे ज्यादा डिमांड है। लोग पर्सनल टच देने के लिए गिफ्ट में पापा का नाम, फोटो या कोई खास संदेश छपवा रहे हैं। फोटो एल्बम, पर्स, लक्जरी पेन, कस्टम डायरी, मग, की-चेन, फ्रेम्स और यहां तक कि वॉल क्लॉक्स तक को पर्सनलाइज कराया जा रहा है, जिसकी कीमत 500 से 5 हजार तक है।





### कस्टमाइज गिफ्ट्स की बुकिंग जोरों पर

फादर्स-डे को लेकर बाजार में गिफ्ट्स की रौनक देखने को मिल रही है। दुकान संचालक संध्या सुराना ने बताया कि इस बार स्पेशल गिफ्ट हैंपर में इंडियन परफ्यूम की सबसे अधिक डिमांड है। खासकर विलन, बेला विटा, वाइल्ड स्टोन, सिग्नेचर, पार्क अवेन्यू और बियर्डो जैसी ब्रांड्स के परफ्यूम खरीदारों की पहली पसंद बने हुए हैं। इसके साथ ही पर्स, पेन, मग और ग्रीटिंग कार्ड के भी कई वैरायटी उपलब्ध हैं, जिन्हें लोग अपने पिता के लिए खरीद रहे हैं। दुकान संचालक तुषार खेमानी ने बताया कि फादर्स-डे से कई दिन पहले ही कस्टमाइज गिफ्ट्स की बुकिंग शुरू हो चुकी है। इस साल गिफ्ट्स में नाम और फोटो जोड़ने का ट्रेंड सबसे अधिक देखा जा रहा है। बच्चे अपने माता-पिता के साथ की पुरानी तस्वीरें मग और फोटो फ्रेम में लगवाकर उन्हें भावनाओं से जुड़ा तोहफा बना रहे हैं।

### नाम और यादों से सज रहे तोहफे

दुकान संचालक प्रवीण जैन ने बताया कि फादर्स-डे को लेकर इस बार कस्टमाइज गिफ्ट की मांग काफी बढ़ गई है। उनकी दुकान में पर्सनलाइज फोटो एल्बम, मग, डायरी और पेन जैसे आइटम तैयार कराए जा रहे हैं, जिन पर नाम के साथ खास तारीखें और यादगार पलों की तस्वीरें छपवाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 2-3 सालों में कस्टमाइज गिफ्ट का क्रेज लगातार बढ़ा है। अब लोग केवल गिफ्ट नहीं, बल्कि उससे जुड़ी भावनाएं भी देना चाहते हैं। नाम, फोटो और मैसेज के साथ तैयार किए गए ये गिफ्ट न सिर्फ खास लगते हैं, बल्कि जिंदगीभर की याद बन जाते हैं।

### स्पेशल मैसेज छपवा रहे

पापा-बेटे की पुरानी और खूबसूरत यादों को संजोने के लिए फोटो एल्बम की डिमांड तेजी से बढ़ी है। लोग पुराने फोटोज को एल्बम में सजाकर उसे उपहार में दे रहे हैं। नाम और स्पेशल मैसेज छपवाकर लोग वॉलेट और डायरी को खास बना रहे हैं। यह गिफ्ट्स पापा की रोजमर्रा की जिंदगी में भी काम आते हैं और भावनात्मक जुड़ाव भी बनाते हैं। दीवारों पर सजाने वाले लकड़ी के फ्रेम और चाबी में झूलने वाले फोटो की-चेन भी इस साल की पसंदीदा सूची में है। इन पर पापा की फोटो या कोई मैसेज उकेरा जा रहा है। तकनीक के साथ कदमताल करते हुए अब गिफ्ट्स में डिजिटल ग्रीटिंग्स और म्यूजिकल बॉक्स का भी चलन शुरू हो गया है। इनमें पिता के नाम का संदेश रिकॉर्ड किया जा सकता है, जो खोलते ही गूंजता है।

सिटी लाइव

## लोकतंत्र सेनानी का 26 को सम्मान युवा प्रतियोगिता में लिखेंगे निबंध



**रायपुर।** लोकतंत्र सेनानी संघ व लोकतंत्र प्रहरी छत्तीसगढ़ के प्रदेश पदाधिकारियों की मीटिंग विगत दिनों हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि आपातकाल की 50वीं वर्षगाठ पर लोकतंत्र सेनानी संघ के सहयोगी संगठन द्वारा प्रदेश के महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए 25 जून संविधान हत्या दिवस प्रासंगिक क्यों?, इस विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता होगी। विद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए आपातकाल विस्मृत न हो, इस विषय पर लेखन प्रतियोगिता प्रदेश लेवल पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। लोकतंत्र प्रहरी के प्रदेश अध्यक्ष विशाल राजहंस ने बताया कि इसमें भाग लेने वाले विद्यार्थियों को कॉलेज और स्कूल के प्राचार्य का सहमति पत्र प्रस्तुत करना होगा। 30 जून तक सभी प्रतियोगी अपने निबंध प्रदेश कार्यालय उपासने निवास प्रोफेसर कॉलोनी, सेक्टर 3, सडक 3 वामनराव लाखे वार्ड क्रमांक 66 पर अग्रेषित करें।

### आपातकाल का सच बताएगी पुस्तिका

संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने ने शुक्रवार को पत्रकारवार्ता में बताया कि दोनों स्तरों पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले विद्यार्थी विजेताओं को क्रमशः 31 हजार, 21 हजार और 11 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इस वर्ष भी आपातकाल की वर्षगांठ पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आमंत्रण पर उनके निवास पर 26 जून को लोकतंत्र सेनानी परिवारों, सत्याग्रहियों का भी सम्मान किया जाएगा। इसमें विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के साथ सरकार के मंत्री, निगम व आयोग के अध्यक्ष सहित भाजपा के पदाधिकारियों की उपस्थिति रहेगी। आपातकाल काल के 50 वर्ष पूरे होने पर वह काला अध्याय कितना क्रूरता से पूर्ण था, यह लोगों को बताने के लिए आपातकाल का काला इतिहास पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा।

प्लेसमेंट ड्राइव में गूगल से लेकर अमेजन तक शामिल, नई कंपनियों की बढ़ी भागीदारी

# ट्रिपलआईटी में स्टूडेंट को मिला 1.20 करोड़ का पैकेज, 60 से अधिक कंपनियों ने 14 से 18 लाख के पैकेज में दिए ऑफर

अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ने वर्ष 2025 के बी-टेक पासआउट बैच के लिए आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में सफलता हासिल की है। संस्थान के एक छात्र को अमेरिका की एक बहुराष्ट्रीय टेक्नोलॉजी कंपनी से 1.20 करोड़, सीटीसी का उच्चतम वार्षिक प्लेसमेंट पैकेज मिला है। यह कंपनी रीयल-टाइम प्रोग्रामेटिक मार्केटिंग ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी में विशेषज्ञता रखती है।



**रायपुर।** संस्थान के अनुसार, इस वर्ष प्लेसमेंट में कुल 86.50 प्रतिशत छात्रों को नामी कंपनियों में नियुक्ति मिली है, जिनमें बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ-साथ प्रमुख स्टार्टअप्स भी शामिल हैं। ब्रांच-वार प्लेसमेंट प्रतिशत की बात करें तो ईसीई में 90 प्रतिशत, डीएसएआई में 85.50 प्रतिशत और सीएसई में 84.36 प्रतिशत छात्रों को प्लेसमेंट मिला है।

### औसत 18.90 लाख और मीडियन 14.50 लाख तक पैकेज



ट्रिपल आईटी नवा रायपुर के इस वर्ष के प्लेसमेंट में छात्रों को औसतन 18.90 लाख प्रतिवर्ष का सीटी (कॉस्ट टू कंपनी) मिला, जबकि मीडियन सीटीसी 14.50 लाख प्रतिवर्ष दर्ज किया गया। प्लेसमेंट में छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी की पेशकश मिली है, जिनमें प्रमुख रूप से सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेवऑप्स, क्वालिटी एश्योरेंस, डेटा एनॉलिस्ट, कंसल्टिंग और बिजनेस एनॉलिटिक्स शामिल हैं। यह विविधता दर्शाती है कि संस्थान के छात्र तकनीकी के साथ-साथ विश्लेषणात्मक और प्रबंधन भूमिकाओं के लिए भी तैयार हैं।

प्लेसमेंट में छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी की पेशकश मिली

### 60 से अधिक कंपनियों ने दिए जॉब ऑफर

*इस वर्ष ट्रिपल आईटी नवा रायपुर के प्लेसमेंट ड्राइव में तकनीकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों ने भागीदारी की और छात्रों को आकर्षक पैकेज दिए। गूगल और इंटुइट जैसी शीर्ष कंपनियों ने छात्रों को 62 लाख रुपए वार्षिक सीटीसी का ऑफर दिया। वहीं माइक्रोसॉफ्ट और डीई शॉ ने 56 लाख रुपए तक का पैकेज प्रदान किया। अमेजन ने भी संस्थान के छात्रों को 46 लाख रुपए प्रतिवर्ष का प्लेसमेंट पैकेज देकर इस सूची में जगह बनाई।*

### नई कंपनियों की भागीदारी से प्लेसमेंट ड्राइव और मजबूत

ट्रिपल आईटी नवा रायपुर की बढ़ती प्रतिष्ठा का असर इस वर्ष के प्लेसमेंट में साफ नजर आया। कई नई कंपनियों ने पहली बार संस्थान के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में भागीदारी की, जिससे छात्रों को और अधिक विकल्प मिले। इनमें लोकलऐप, इंडस्ट्रीज मनी, कैडेंस डिजाइन, एनएक्सपी सेमीकंडक्टर, एलएंडटी इलेक्ट्रॉनिक्स, स्विगी, एको जनरल इंश्योरेंस, कैशिफाई, क्लेरियन टेक्नोलॉजीज और रेडकॉम जैसी कंपनियां शामिल हैं। साथ ही पुरानी रिक्रूटर्स कंपनियां भी एक बार फिर संस्थान की ओर लौटीं। उन्होंने न केवल प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लिया, बल्कि पूर्व बैच के छात्रों के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए इस बार अधिक संख्या में छात्रों को जॉब ऑफर भी दिए।

आराधना

## ब्रह्मलोक आश्रम में 15 जून को होगा सुधांशु महाराज का प्रवचन



**रायपुर।** विश्व जागृति मिशन के संस्थापक एवं देश-विदेश में लोकप्रिय छत्तीसगढ़ शासन से राज्य अतिथि का दर्जा प्राप्त सद्गुरुश्री सुधांशु महाराज द्वारा परसदा स्थित ब्रह्मलोक आश्रम में प्रवचन होगा। स्थापित हो रहे श्री कैलाश मानसरोवर निर्माण के लिए 15 जून को गुरु पुर्णिमा पर विराट भक्ति सत्संग होगा। इस आयोजन की तैयारी अंतिम चरण में है। इसमें प्रदेशभर के श्रद्धालु शामिल होने वाले है। महाराष्ट्रा, एमपी, ओडिशा से श्रद्धालु गुरु दर्शन और प्रवचन का रसपान करने आएंगे। सनातन धर्म प्रेमियों के आग्रह पर ही महाराज की कल्पना को साकार करते हुए ब्रह्मलोक आश्रम में पांच मंजिला श्री कैलाश शिखर का काम जारी है। यह जानकारी एक होटल में पत्रकारवार्ता में विश्व जागृति मिशन मंडल के अध्यक्ष सुनील सचदेव, दिलीप सचदेव ने दी।

### साढ़े तीन घंटे में होंगे आयोजन, जुटेंगे शिष्य

विनोद अग्रवाल, मिलनकांत अग्रवाल, विनोद शर्मा, सुशील शर्मा और मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने यह जानकारी दी। आगे बताया कि 15 जून को सुधांशुजी महाराज परसदा स्थित ब्रह्मलोक आश्रम में चल रहे श्री कैलाश मानसरोवर के निर्माण कार्यों का अवलोकन करने के बाद दिशा-निर्देश और सुझाव देंगे। रविवार को सुबह 9 बजे से 12.30 बजे तक गुरु दर्शन, गुरु पादुका पूजन और आशीर्वचन का क्रम चलेगा। शिखर निर्माण के तहत भूतल एवं प्रथम तल पर ज्योतिर्लिंगों की स्थापना और दूसरे तल पर श्री दुर्गा के नौ स्वरूप की स्थापना की तैयारी है। उच्चतम तल पर मां वैष्णोदेवी दरबार की स्थापना का काम प्रगति पर है।

## वैद्य ने नाड़ी परीक्षण के बाद बताए उपाय आज जगन्नाथ को लगेगा काढ़े का भोग

शहर के प्रमुख श्री जगन्नाथ मंदिरों में निभाई जा रही परंपरा, पुजारी दे रहे सेवा

**रायपुर।** जिस प्रकार किसी व्यक्ति की तबीयत खराब होने पर उन्हें वैद्य से जांच कराने के बाद पहले जड़ी-बूटी से तैयार किया गया काढ़ा पिलाया जाता था। कुछ उसी तरह की परंपरा भगवान जगन्नाथ से जुड़ी है। सदर बाजार स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के संदर्भ में पं. मोहित पुजारी ने बताया कि सुबह वैद्य बुलाने के बाद उन्हें नाड़ी परीक्षण का विधान करने के लिए एकांतवास में भेजा गया। इस बार डॉ. दीपक शर्मा ने शुक्रवार को सुबह 9 बजे इस नियम का पालन किया। इसके बाद जड़ी-बूटियों से तैयार काढ़े का भोग लगाने की सलाह और जिस तरह से ज्वर से पीड़ित को हल्का आहार दिया जाता है। इन सभी बातों को सेवक से बताया गया। इसके बाद बाजार से औषधि लाने के बाद उसका काढ़ा तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की गई।



### पुजारी ही निभाते हैं वैद्य और सेवक का दायित्व

श्री जगन्नाथ मंदिर में स्नान पूर्णिमा के दूसरे दिन पुजारी ने वैद्य और सेवक की तरह नाड़ी जांच के बाद औषधीय काढ़ा देने की सलाह पर अमल करना शुरू किया। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का उपचार करने वैद्य स्वरूप पुजारी द्वारा औषधीय काढ़ा तैयार करने के बाद दिया जाता है। श्री जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष एवं उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया कि अब 25 जून तक भगवान की सेवा एकांतवास के दौरान की जाएगी। वैद्य की सलाह पर उन्हें एकांत में विश्राम दिया जाता है। इसमें जड़ी-बूटियों, फलों और जौ से बनाई जाने वाली खिचड़ी अर्पित की जाती है। 26 जून की शाम को नयन दर्शन होगा।

### सुबह अर्पित करेंगे औषधीय काढ़ा



टूरीहटरी में राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज के मार्गदर्शन में पूजा नियम किया जा रहा है। इस साल भी भगवान के एकांतवास में जाने से परंपराओं का निर्वहन किया जा रहा है। पुजारी व वैद्य तिलक दास ने बताया कि वैद्य का दायित्व स्वयं निभाता हूं। इस साल भी बाजार से जड़ी-बूटियां लाने के बाद उससे ही काढ़ा बनाया जाता है। महाराज ने रात में काढ़ा तैयार किया। उन्होंने बताया कि शनिवार को सुबह से ही भगवान को काढ़ा और भोग स्वरूप खिचड़ी बनाकर भगवान को अर्पित किया जाएगा।

## शिक्षक स्वयं को अपग्रेड करने के साथ सीखने का करें प्रयास



**रायपुर।** अगर आप टीचिंग प्रोफेशन में कॅरियर बनाने की सोच और रुचि रखते है तो अपनी टीचिंग को धारदार बनाने के लिए स्वयं को अपग्रेड करना होगा। समय के साथ शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे बदलाव को आत्मसात करना होगा। तभी आप सीधे तौर पर विद्यार्थियों से जुड़ सकेंगे। यह बात शिक्षाविद और होली हार्ट्स एकादमी की प्राचार्य नीपा चौहान ने महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में टीचर्स डेवलपमेंट वर्कशॉप में कही। चौथे दिन नीपा ने प्रैक्टिकल लर्निंग पर जोर देते हुए टीचर्स से कहा कि आज थ्योरी के बजाय प्रैक्टिकल की लर्निंग विद्यार्थियों को सिखाने में काफी मदद करती है। इसे देखते हुए विद्यार्थी को प्रोजेक्ट और प्रजेंटेशन में इनवॉल्व करें। इसके लिए शिक्षक को हमेशा सीखना चहिए। सभी को नई शिक्षा नीति को भी समझना होगा।

### अलग-अलग विषयों का टेस्ट लेना जरूरी

शिक्षाविद नीपा चौहान ने संत ज्ञानेश्वर स्कूल के शिक्षकों को किया मोटिवेट

नीपा ने आगे बताया कि शिक्षक को क्लास के हर विद्यार्थी को व्यक्तिगत रूप से पहचानना चाहिए। इससे उन्हें लगता है कि शिक्षक की नजर में हैं। उनकी ओर ध्यान दे रही हैं। टॉपिक वाइज टेस्ट लेना चाहिए। छात्रों और छात्राओं की अलग-अलग काउंसिलिंग करनी चाहिए। प्रतिदिन असेंबली में किसी एक टीचर का वक्तव्य होना चाहिए। वर्कशॉप में विद्यालय के प्रभारी परितोष डोनगांवकर, प्राचार्य मनीष गोवर्धन, उप प्राचार्य राहुल वोड़ितेलवार मौजूद रहे। उन्होंने स्मृति चिन्ह देकर नीपा का स्वागत व सम्मान किया। वर्कशॉप का संचालन आराधना लाल और धन्यवाद ज्ञापन सुनिधि रोकड़े ने किया।

## शिवजी के स्वरूप को जाने बिना प्रसंगों का वर्णन संभव नहीं



**रायपुर।** शिव महापुराण का अमृत रसपान तभी कर सकते हैं, जब शिव के स्वरूप की महत्ता को जानेंगे। इसे जाने बिना कभी भी शिव की महिमा को समझ पाना किसी के लिए भी संभव नहीं है। कुछ इसी तरह के संवाद के साथ शुक्रवार को अयोध्या से आए कथावाचक आचार्य जयप्रकाश श्रोताओं से मुखातिब हुए। आगे बताया कि शिव के स्वरूप का वर्णन श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ में अनिवार्य है। इसके बिना कथा और प्रसंग आगे सुनना-सुनाना भी संभव नहीं है। महाराज ने शिव के हर स्वरूप को बताते हुए दक्ष प्रसंग में प्रवेश किया। बताया कि जिस व्यक्ति में अज्ञानता का वास होता है, वह संसार में अहंकारी कहलाता है। कथा के दूसरे दिन भी कथा स्थल वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर परिसर के महर्षि वाल्मीकि मंडप में श्रोताओं की भीड़ रही।



### कथा के बीच सजाई भजनों की श्रृंखला

*अवलंबन वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित 11 दिवसीय श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ में कथावाचक ने श्रद्धालुओं को कथा परिचय कराया। इस दौरान संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी गई। इससे भक्ति का ऐसा रंग चढ़ा कि लोग झूमते रहे। दक्ष यज्ञ और सती की कथा सुनाई गई। इसमें महाराज ने बताया कि माताएं-बहनें सबकुछ सहन कर सकती हैं, लेकिन पति का लोगों के बीच अपमान नहीं सहती हैं। माता पार्वती ने भी पिता के अहंकार को खत्म करने का मन बना लिया। उन्होंने कथा के बीच भजनों की श्रृंखला भी सजाई। इस दौरान फाउंडेशन के संरक्षक योगेश अग्रवाल, संचालक नितेंद्र सिन्हा, जेपी शर्मा शामिल हुए।*



## सिटी स्पोर्ट्स

### साउथ जोन और नार्थ जोन की जीत ऐश्वर्या ने बनाए शानदार 102 रन



भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वूमेन /अंडर 23 वन डे चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत शुक्रवार को दो मैच खेले गए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम ईस्ट जोन के विरुद्ध साउथ जोन ने 61 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने 8 विकेट पर 234 रन बनाए। ऐश्वर्या सिंह ने 102 रन, सृष्टि शर्मा ने 30 रन और शिवानी यादव ने 27 रन बनाए। गेंदबाजी में ईस्ट जोन की रवीना साहू एवं ख्वाब नागवानी ने दो -दो विकेट लिए। दीप्ति ढीमर, प्रभदीप कौर भामरा एवं रूमा दास ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने 9 विकेट पर 173 रन, रूमा दास ने 57 रन, शिवानी कृष्णा ने 38 रन और चित्रा पटेल ने 27 रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन की प्रांशु प्रिया ने तीन विकेट, पल्लवी वर्मा एवं आरती यादव ने दो-दो विकेट लिए। वहीं अनम खान ने एक विकेट लिए।

दूसरा मैच बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में हुआ। जिसमें सेंट्रल जोन के विरुद्ध नॉर्थ जोन ने सात विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी सेंट्रल जोन 156 रन पर आउट हुई। मनप्रीत कौर गिल ने 35 रन, मानसी सिंह ठाकुर ने 26 रन, बरखा चंद्रवंशी ने 22 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन की दीपमाला मिंज ने 4 विकेट, चांदनी गायकवाड ने दो विकेट, प्रतिज्ञा सिंह पहल और टंडन किरण वर्मा ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने 3 विकेट पर 159 रन बनाए। जिसमें शिवी ने पांडे नॉट आउट 43 रन, ईशा भारती देवांगन ने 39 रन, कल्पना पांडे ने 38 रन, आंशी अग्रवाल ने नॉट आउट 14 रन बनाए। गेंदबाजी में सेंट्रल जोन की ममता भगत, वीरता चौहान एवं मोनिका ढीमर ने एक-एक विकेट लिए।

### खेलो में होने वाली सामान्य इंज्युरी और उसके उपचार पर दी सलाह



बिलासपुर। डॉ सीवी रमन यूनिवर्सिटी बिलासपुर के खेल विभाग और स्टैण्ड बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खेलो में होने वाली सामान्य इंज्युरी और उसका उपचार पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में डॉ मार्टिना जॉन ने बताया कि खेलो के दौरान खिलाड़ियों को चोट आना स्वाभाविक है, जिसे खिलाड़ी नजरअंदाज कर देते हैं। हमे चोट को सहज नहीं लेना चाहिए यही चोट आगे नासूर बन जाती है। इन चोटों से बचने के लिए फिजियो से सलाह लेकर शारीरिक एक्सरसाइज करना चाहिए जिससे वह चोट जड़ से खत्म हो सके। इस अवसर पर विशेष रूप से फेडरेशन के अध्यक्ष अरविंद चितौड़िया उपस्थित थे। डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय के डीन डॉ शंकर यादव ने कहा कि खिलाड़ियों को अपने फिजियो से सलाह लेकर शारीरिक एक्सरसाइज करना चाहिए जिससे हमारा खेल कौशल मजबूत हो। स्टैण्ड बॉल फेडरेशन के महासचिव जाविद अली ने कहा कि स्टैण्ड बॉल में स्किल, रनिंग, मूवमेंट और स्पीड है जिससे खेल के दौरान किसी भी खिलाड़ी को चोट न लगे इसके लिए पूर्व में ही इसकी संभावना को दूर करने का प्रयास किया जाता है। डॉ शाज़िया अली स्टैण्ड बॉल की कोषाध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया और कहा कि समय समय पर हम खिलाड़ियों के हित में ऐसे आयोजन करते है जिससे उनको लाभ हो. इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों और स्टैण्ड बॉल के खिलाड़ी उपस्थित थे।

### राज्य स्तरीय स्पर्धा में पहलवानों ने 4 गोल्ड सहित जीते 7 पदक




रायपुर। अंडर 15 वर्ष बालक बालिका राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 8 जून को बाबू पंडरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम धमतरी में आयोजित किया गया था। राष्ट्रीय कुश्ती कोच सागर धीवर ने बताया कि प्रतियोगिता में बिलासपुर जिले के कुल सात पहलवानों ने भाग लेते हुए पदक प्राप्त जीते। महिला वर्ग के 42 किलोग्राम भार वर्ग में छत्तीसगढ़ की प्रथम सिल्वर मेडलिस्ट बालिका पहलवान सुभद्रा यादव ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। बालक वर्ग के फ्रीस्टाइल कुश्ती के 41 किलोग्राम भार वर्ग में कृष्णकांत यादव ने धमतरी और रायपुर के पहलवान को हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।

## जरूरत से ज्यादा थकान और नींद लगना ठीक नहीं

# बहुत ज्यादा नींद आती है और काम में नहीं लगता मन तो यह संकेत हो सकता है किसी गंभीर समस्या का

अक्सर लोगों को पूरी नींद लेने के बाद भी दिन में थकान और सुस्ती महसूस होती है। अगर ऐसा रोज हो रहा है, तो ये किसी गंभीर बीमारी का लक्षण हो सकता है। क्या कभी ऐसा होता है कि रात में पूरी नींद लेने के बावजूद, आपको दिनभर अजीब सी सुस्ती महसूस होती है या हर समय नींद आती है? यह सिर्फ सामान्य थकान नहीं, बल्कि एक गंभीर स्थिति हो सकती है जिसे हाइपरसोम्निया कहते हैं। इसमें व्यक्ति को सामान्य से कहीं ज्यादा नींद की आवश्यकता होती है, जो उनकी दिनचर्या और काम पर बुरा असर डालती है।

जिन लोगों को पूरी नींद लेने के बाद भी दिनभर थकान और सुस्ती महसूस होती है, उन्हें अक्सर लगता है कि वे आलसी हैं या उनकी नींद पूरी नहीं हुई। जबकि, हर बार ऐसा होना जरूरी नहीं। यह किसी बीमारी का भी लक्षण हो सकता है। हाइपरसोम्निया कई बार किसी अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या का संकेत हो सकती है। ये स्थितियां शरीर के ऊर्जा स्तर को प्रभावित करती हैं और नींद की गुणवत्ता को बाधित करती हैं, जिससे दिनभर सुस्ती बनी रहती है। इसलिए, अगर आप लगातार इस समस्या से जूझ रहे हैं, तो इसे हल्के में न लें। आइए इस लेख में जानते हैं कि किन बीमारियों का आशंका अधिक होती है।



### डायबिटीज


अनियंत्रित रक्त शर्करा हाइपरसोम्निया का कारण बन सकता है। डायबिटीज में शरीर ग्लूकोज को ऊर्जा में बदलने में असमर्थ होता है, जिससे थकान और नींद की समस्या होती है। बार-बार प्यास, पेशाब और वजन कम होना इसके अन्य लक्षण हैं।

### थायराइड डिसऑर्डर

हाइपोथायरायडिज्म एक बीमारी है, जिसमें थायराइड ग्रंथि कम सक्रिय होती है, मेटाबॉलिज्म को धीमा करता है। इससे सुस्ती, थकान और अत्यधिक नींद की समस्या बढ़ जाती है। वजन बढ़ना, ठंड लगना और बाल झड़ना इसके लक्षण हो सकते हैं।

### एनीमिया

एनीमिया में लाल रक्त कोशिकाओं या हीमोग्लोबिन की कमी से शरीर में ऑक्सीजन की आपूर्ति कम होती है, जिससे थकान और नींद की समस्या बढ़ जाती है। यह आयरन, विटामिन B12 या फोलिक एसिड की कमी से हो सकता है।



### स्लीप एपनिया

स्लीप एपनिया एक ऐसी स्थिति है, जिसमें नींद के दौरान सांस बार-बार रुकती है, जिससे गहरी और सुकून भरी नींद नहीं मिलती। इस कारण दिन में अत्यधिक नींद, थकान, खर्राटे, सिरदर्द और एकाग्रता में कमी जैसे लक्षण दिख सकते हैं। अगर आपको इनमें से कोई भी लक्षण दिख रहे हैं तो डॉक्टर से संपर्क करें।





## राज्य खेल पुरस्कार अलंकरण समारोह की तैयारियां सुनिश्चित करने निर्देश

■ खेल मंत्री वर्मा ने ली समीक्षा बैठक

रायपुर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा ने शुक्रवार को जिला खेल अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रदेश भर में खेल गतिविधियों के संचालन, अधोसंरचनात्मक कार्यों की प्रगति से संबंधित पी।पी।टी। का प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक में खेल मंत्री ने भारत सरकार की खेलो इण्डिया योजनांतर्गत प्रदेश के रायपुर, बिलासपुर, बलौदाबाजार एवं राजनांदगांव के लिए प्राप्त नवीन स्वीकृतियां, विमुक्त राशि का जायजा लिया। प्रदेश के सभी जिलों में स्वीकृत खेलो इण्डिया लघु केन्द्रों की समीक्षा की गई। भारत सरकार से प्राप्त प्रथम एवं द्वितीय किश्त के राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र एक सप्ताह के भीतर भेजने के निर्देश दिए। राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई बिलासपुर में संचालित खेलो इण्डिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सिलेंस (हॉकी, तीरंदाजी एवं एथलेटिक) तथा राज्य शासन द्वारा संचालित आवासीय बालिका कबड्डी अकादमी में वर्तमान में प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों, प्राप्त राशि के विरूद्ध व्यय की समीक्षा की गई। हाल ही में सम्पन्न हुए चयन ट्रायल के माध्यम से रायपुर तथा बिलासपुर में आवासीय एवं गैर आवासीय खेल अकादमियों के लिए चयनित खिलाड़ियों की संख्या की जानकारी ली गई।

छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के तहत घटकवार प्रगति के संबंध में समीक्षा की गई। वर्ष 2025-26 के मुख्य बजट में लोक निर्माण विभाग के मद में शामिल निर्माण कार्यों एवं विभागीय मद में मरम्मत संबंधी प्रावधान एवं पूर्व स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और अपेक्षित जानकारियां एक सप्ताह के भीतर जिला खेल अधिकारियों को भेजने के निर्देश दिए गए।



पूर्ववर्ती राजीव युवा मितान क्लब योजनांतर्गत जिला महासमुंद, बेमेतरा, बीजापुर, बिलासपुर एवं मनेन्द्रगढ़ भरतपुर चिरमिरी से अपेक्षित शेष राशि 15 दिवस के भीतर जमा करने के निर्देश संबंधित जिला खेल अधिकारियों को दिए गए। राज्य खेल अलंकरण समारोह, 2025 (पुरस्कार वर्ष 2023-24 एवं 2024-25) के लिए दिए जाने वाले शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम पुरस्कार, शहीद विनोद चैबे पुरस्कार, मुख्यमंत्री ट्राफी पुरस्कार एवं नगद राशि पुरस्कारों हेतु खिलाड़ियों, प्राक्षिकों/निर्णायकों से दिनांक 26 जून, 2025 तक आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। जिला स्तर पर प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से इसका प्रचार प्रसार करने एवं अंतिम तिथि तक जिलों में प्राप्त आवेदनों को परीक्षण कर तत्काल संचालनालय को भेजने के निर्देश सभी जिला खेल अधिकारियों को दिए गए।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग, डी।एम।एफ।, सी।एस।आर। एवं अन्य मदों से जिलों में स्वीकृत एवं वर्तमान में चल रहे खेल अधोसंरचनाओं के निर्माण कार्यों को सूचीबद्ध करते हुए प्रगति संबंधी जानकारी संचालनालय को प्रेषित करने के निर्देश सभी जिला खेल अधिकारियों को दिए गए तथा जिला कलेक्टर के टी।एल। बैठक में प्रति सप्ताह प्रगति की समीक्षा कराने के निर्देश दिए गए। जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय की प्रक्रिया को समझने एवं क्रियान्वयन के उद्देश्य से संचालनालय स्तर से जिलों में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वर्चुअल माध्यम से ट्रेनिंग सेशन आयोजित करने के निर्देश दिए गए। खेल प्रशिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही भी जल्द पूर्ण की जाएगी। बैठक में हिमशिखर गुप्ता, सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सुखनाथ अहिरवार, संयुक्त सचिव, प्रकाश चंद्र कोरी, प्रभारी संचालक खेल एवं युवा कल्याण सहित संचालनालय के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## एशियाई अंडर-16 रैंकिंग टेनिस में सक्षम और सन्मिथा रहे विजेता




■ रायपुर में हुआ टेनिस का शानदार मुकाबला

रायपुर। एशियाई अंडर-16 रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट 2025 का आयोजन इंटरनेशनल टेनिस एकेडमी, जोरा, रायपुर, छत्तीसगढ़ में किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य टेनिस संघ का यह आयोजन छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग और ऑल इंडिया टेनिस एसोसियेशन व एशियाई टेनिस महासंघ की देखरेख में किया गया।

समापन समारोह पर पुरस्कार वितरण छत्तीसगढ़ राज्य टेनिस संघ के अध्यक्ष डॉ हिमांशु द्विवेदी और मानद सचिव गुरुचरण सिंह होरा ने किया, इस दौरान संस्था के उपाध्यक्ष जी।एस। बाम्बरा, उपाध्यक्ष सुशील बलानी, उपाध्यक्ष राजेश पाटिल, कार्यकारिणी सदस्य हेनरी सैंटियागो सहित एटीएफ पर्यवेक्षक प्रबिन कुमार नायक भी मौजूद रहे।

**फाइनल मुकाबलों के नतीजे**

बालक एकल (ब्वॉज सिंगल्स) चैंपियनः सक्षम भाषालि ने अथाय राजप्रकाश को 6-0, 6-1 से हराकर जीता। बालिका एकल (गर्ल्स सिंगल्स) चैंपियनः सन्मिथा हरिनी लोकेश ने व्रंडिका भगवंत राजपूत को 3-6, 6-4, 6-2 से हराकर जीता। बालक युगल (ब्वॉज डबल्स) चैंपियनः साक्षम भाषालि व शारदुल खवाले ने अपूर्व जैन व रक्षन बजाज की जोड़ी को 6-3, 6-2 से हराकर जीता। बालिका युगल (गर्ल्स डबल्स) चैंपियनः सन्मिथा हरिनी लोकेश व व्रंडिका भगवंत राजपूत ने अविशी शर्मा व कीर्थना रंगिनेनि की जोड़ी को 5-7, 7-6(3), 10-7 से हराकर जीता।

## नॉन-स्टिक पैन में क्या नहीं पकाना, इसका जरूर ध्यान रखें

आपको कई लोगों ने बताया होगा कि नॉन-स्टिक पैन की देखभाल कैसे की जाती है। आज इस लेख में हम आपको बताएंगे कि ऐसी कौन-सी रेसिपीज या खाद्य पदार्थ हैं जो नॉन-स्टिक पैन को खराब कर सकती हैं। आप भी इस लेख को जरूर पढ़ें। नॉन-स्टिक पैन तो आपके घर में भी होगा। यह लोहे के तवे से कई बेहतर लगता है, क्योंकि इसमें खाना नहीं चिपकता। हालांकि, ऐसा कहा जाता है कि इसे इस्तेमाल करने के डिसएडवांटेज भी बहुत हैं। अगर इसमें निशान पड़ जाएं या यह घिस जाए, तो फिर यह सेहत के लिए नुकसानदायक होता है।



### बटर को गर्म न करें

मक्खन पैन में डालकर गर्म करें और उसमें तुरंत कुछ पका रही हैं, तो कोई दिक्कत नहीं है। अगर आप मक्खन को ब्राउन करना चाहती हैं, तो यह काम नॉन-स्टिक पैन में न करें। बटर को ब्राउन करने के लिए उसे धीरे-धीरे मीडियम आंच पर पकाया जाता है, ताकि वह नटी और टोस्टी स्वाद दे। नॉन-स्टिक पैन में बटर को एक समान ब्राउन करना मुश्किल हो सकता है और यह कोटिंग को नुकसान पहुंचा सकता है। इसके लिए स्टेनलेस स्टील का पैन बेहतर है क्योंकि आप रंग को बेहतर ढंग से एनलाइज कर सकते हैं।

### सब्जियों को नॉन-स्टिक पैन में भूनने से बचें

सब्जियों को बेहतरीन तरीके से भूनने और कैरामेलाइज करने के लिए तेज आंच की जरूरत होती है। नॉन-स्टिक पैन इस हाई तापमान को झेलने के लिए नहीं बने होते। तेज हीट से इनकी कोटिंग खराब हो सकती है और वे हानिकारक रसायन भी छोड़ सकते हैं। साथ ही, नॉन-स्टिक पैन सब्जियों को वह कुरकुरापन और सुनहरा रंग नहीं दे पाते जो अच्छी तरह से भुनी हुई सब्जियों में होना चाहिए। इसलिए, सब्जियों को भूनने के लिए हमेशा कास्ट आयरन या स्टेनलेस स्टील के पैन का इस्तेमाल करना बेहतर होता है।

### सब्जियां या खाने को काटे नहीं

खाना बनाने के बाद, सीधे नॉन-स्टिक पैन में उसे काटने से बचें। चाहे आप पिज्जा के स्लाइस कर रहे हों या ऑमलेट के टुकड़े, चाकू या किसी भी धारदार चीज से पैन की नॉन-स्टिक कोटिंग पर खरोंच लग सकती है।

# आपका अंतर्मुखी या बर्हिमुखी होना निर्भर करता है कई परिस्थितियों पर

क्या आप अपनी पर्सनैलिटी को लेकर कंफ्यूज हैं? क्या आप समझ नहीं पा रही हैं कि आप इंट्रोवर्ट (अंतर्मुखी) हैं, एक्स्ट्रोवर्ट (बर्हिमुखी) हैं या एंबीवर्ट (उभयमुखी)? तो यहां कुछ ऐसे सवाल जो आपकी पर्सनैलिटी के राज खोलने में मदद कर सकते हैं। हर शख्स की पर्सनैलिटी अलग होती है, कोई बहुत बोलता है, तो कोई चुपचाप अपनी ही दुनिया में मस्त रहता है, किसी को भीड़-भाड़ वाली जगह में मजा आता है तो कोई अकेले रहकर सुकून पाता है। यही क्वालिटीज तय करती हैं कि हम इंट्रोवर्ट हैं या एक्सट्रोवर्ट। लेकिन, अचानक जब कोई सवाल कर ले कि आप इंट्रोवर्ट हैं या एक्स्ट्रोवर्ट। तो हम कंफ्यूज हो जाते हैं कि हम किस कैटेगरी में आते हैं। कई बार हमें लगता है कि हम एक्सट्रोवर्ट हैं, क्योंकि हम दोस्तों से घुल-मिल जाते हैं पर घर लौटने या सोशल इंटरैक्शन के बाद अकेले समय की जरूरत पड़ती है तो असल में हम इंट्रोवर्ट होते हैं। अब सवाल उठता है कि अपनी पर्सनैलिटी को कैसे पहचाना जाए। अगर आप भी अपनी पर्सनैलिटी पहचानना चाहती हैं और जानना चाहती हैं कि आप इंट्रोवर्ट हैं या एक्सट्रोवर्ट तो यह आर्टिकल आपकी मदद कर सकता है। जी हां, आज की तेज रफ्तार वाली जिंदगी में अपनी पर्सनैलिटी पहचानना जरूरी हो गया है।



### कौन होते हैं एक्सट्रोवर्ट?

एक्सट्रोवर्ट वह लोग होते हैं जिन्हें लोगों से मिलकर या सोशल सेटिंग्स में जाकर खुशी होती है और एनर्जी मिलती है। एक्सट्रोवर्ट लोगों का दिन तब तक पूरा नहीं होता है, जब तक वह दोस्तों से मिल न लें और उनसे ढेरों बातें न कर लें। अकेले रहने पर इन्हें बोरियत होने लगती है।

### कौन होते हैं इंट्रोवर्ट?

इंट्रोवर्ट वह लोग होते हैं, जो अकेले रहने पर रिलैक्स और फ्रेश महसूस करते हैं। यह लोग सोशल एक्टिविटीज में नहीं, बल्कि सोलो एक्टिविटी में विश्वास रखते हैं। इन्हें किताबें पढ़ना, लिखना, फिल्में देखना और गेम्स खेलना ज्यादा पसंद होता है। लोगों और भीड़-भाड़ से लौटने के बाद यह थकान महसूस करते हैं। आइए, अब यहां कुछ सवालों का जवाब देकर अपनी पर्सनैलिटी टेस्ट करें। राहत महसूस होती है और अकेले टाइम स्पेंड करते हैं। निराश होते हैं और दूसरे दोस्तों के साथ प्लान बनाते हैं। पहले थोड़ा बुरा लगता है और फिर थोड़ी देर बाद आराम फरमाते हैं।









## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## तलाक की अफवाहों के बीच जस्टिन ने शेयर की अपनी क्रिप्टिक पोस्ट

कैनेडियन सिंगर जस्टिन बीबर जब-तब कंट्रोवर्सी का शिकार हो जाते हैं। सिंगर की पर्सनल लाइफ को लेकर भी कई तरह की गॉसिप सुनने को मिलती है। इन दिनों जस्टिन बीबर और हेली बीबर के तलाक की अफवाह सुनने को मिल रही है। इन खबरों के बीच जस्टिन ने एक क्रिप्टिक पोस्ट साझा की है। जानिए, इस पोस्ट में क्या है?



कुछ दिन पहले सिंगर जस्टिन बीबर ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपने तलाक की अफवाहों को गलत बताया था। जस्टिन ने अपनी पोस्ट में लिखा था, 'सब ब्लाइंड आइटम हैं यानी सिर्फ झूठ है। जस्टिन ने यह भी कहा कि ऐसी बातें उन्हें काफी दुख पहुंचाती हैं। हाल ही में जस्टिन ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट की है, जिसमें वह माफी को लेकर बात कर रहे हैं। क्या है माफी और उनकी तलाक की अफवाहों का कनेक्शन।

जस्टिन बीबर ने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में एक पोस्ट साझा की है, जिसमें उनकी एक तस्वीर है और उस पर लिखा है, 'इस जिंदगी का सबसे बड़ा राज है, माफी या माफ कर देना।' क्या इस मैसेज के जरिए वह अपनी पत्नी हेली से माफी मांग रहे हैं। क्या इसका कोई और मतलब है। दरअसल, पिछले दिनों एक इंटरव्यू में जस्टिन ने कहा था कि उन्होंने अपनी पत्नी का दिल दुखाया है। जस्टिन बीबर ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें भी शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह कहीं हंस रहे हैं, कहीं चुपचाप नजर आ रहे हैं। ये तस्वीरें जब सोशल मीडिया पर वायरल हुईं तो जस्टिन के फैंस को चिंता होने लगी कि वह ठीक हैं या नहीं। जस्टिन सिर्फ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर ही चर्चा में नहीं रहते हैं।

### टॉलीवुड

## 'द राजा साब' के निर्माताओं ने दिए कड़े निर्देश, लीक फुटेज होने पर सख्त कार्रवाई

साउथ एक्टर प्रभास की फिल्म 'द राजा साब' का टीजर जल्द ही रिलीज होने वाला है। इसी बीच निर्माताओं ने फिल्म के टीजर को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं, कि अगर आधिकारिक रिलीज से पहले इसका टीजर ऑनलाइन लीक हुआ, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी? फिल्म के टीजर के कुछ सींस ऑनलाइन लीक हो गए हैं, जो अब सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। वहीं आज फिल्म द राजा साब की टीम ने इस अप्रत्याशित उल्लंघन के जवाब में एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया है। फिल्म की टीम ने कड़ा रुख अपनाते हुए एक्स पर लिखा, 'अगर #TheRajaSaab से कोई भी लीक हुई सामग्री पाई जाती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी और हैंडल तुरंत सस्पेंड कर दिए जाएंगे । हम सभी से अनुरोध करते हैं कि वे सहयोग करें और अनुभव की सुरक्षा में हमारे साथ खड़े हों। आइए जिम्मेदारी से जश्न मनाएं। जागरूक रहें।'



प्रभास की बहुप्रतीक्षित हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं और फिल्म के टीजर रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन मारुति ने किया है। फिल्म का आधिकारिक टीजर 16 जून, 2025 को लॉन्च किया जाएगा।

### छॉलीवुड

## संगीतकार रहे बाबला की पहली फिल्म 'संगी रे लहुट के आजा' में सतीश जैन दमदार रोल में

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी सिनेमा के दर्शकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। सुपरहिट फिल्म 'मोर छैया भुइयां' को अपने संगीत से अमर बनाने वाले प्रसिद्ध संगीतकार बबला बागची अब निर्माता और निर्देशक के रूप में अपनी पहली फिल्म 'संगी रे लहुट के आजा' लेकर आ रहे हैं। बाबला बागची, जिन्होंने 'मोर छइहा भुइयां' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म में अपने संगीत से जादू बिखेरा था। संगी रे फिल्म में इनके फिल्मी गुरु सतीश जैन दमदार अभिनय करते नजर आयेंगे। फिल्म के निर्माता के तौर पर सुशील गर्ग भी जुड़े हैं। यह फिल्म छत्तीसगढ़ की पहली संगीत-प्रधान फिल्म बताई जा रही है, जिसकी कहानी दो गायकों के प्यार, उनके सपनों और संघर्षों के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में मुख्य भूमिका में नवोदित कलाकार प्रतीक के साथ छत्तीसगढ़ी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री सिल्की गुहा नजर आएंगी। प्रतीक इस फिल्म से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत कर रहे हैं और निर्देशक बाबला बागची का मानना है कि यह फिल्म प्रतीक के करियर के लिए ₹मील का पत्थर₹ साबित होगी।वहीं बाबला के गुरु सफल निर्देशक सतीश जैन फिल्म में अहम रोल करते नजर आयेंगे। फिल्म की स्टारकास्ट भी काफी दमदार है। मुख्य जोड़ी के अलावा, छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सुपरस्टार प्रकाश अवस्थी,सतीश जैन सिखा चितांबरे, पुष्पेंद्र सिंह, योगेश अग्रवाल, सतीश जैन, सिग्मा उपाध्याय, हेमलाल कौशल और धर्मेंद्र अहिरवार जैसे मंझे हुए कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। संगीत, निर्देशक व निर्माताः बाबला बागची,निर्माताः सुशील गर्ग कैमरा दिनेश ठक्कर,संपादनः पूरन किरी,क्रिएटिव हेडः शुशांत शर्मा,डि आई-नितेश झा, दमदार कहानी, सुरीले संगीत और बेहतरीन कलाकारों की टीम के साथ, 'संगी रे लहुट के आजा' से छत्तीसगढ़ी सिनेमा के दर्शकों को काफी उम्मीदें हैं। फिल्म 20 जून 2025 को प्रदेश के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।







800 से ज़्यादा एक्सक्लूसिव हाई-रेज़ इमेज के साथ महिलाओं के स्ट्रीट फैशन की नई रेंज न्यूयार्क में दिखाई दी। जहां कैज़ुअल में डेनिम जींस, लेदर और कैज़ुअल कॉटन शामिल हैं, जर्सी में स्पोर्ट्सवियर से प्रेरित लुक को टेक्सचर्ड निट के साथ मिलाया गया है। यहां स्ट्रक्चर्ड टेलरिंग और आउटरवियर का मिश्रण है। कुल मिला कर स्ट्रीट फैशन के लिए कुछ खास डिजाइन जो यहां सभी को पसंद आ रहे हैं।

## आंखों के नीचे डार्क सर्कल हटाने घरेलू नुस्खे अपनाएं, एक महीने में देखें फर्क

आजकल की लाइफस्टाइल और खान-पान इतना बदल गया है कि उसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। घंटों-घंटों मोबाइल देखना और लैपटॉप पर काम करने की वजह से लोगों न सिर्फ आंखें दुखने लगी हैं, बल्कि इसके साथ-साथ आंखों के नीचे गहरे काले निशान भी आने लगे हैं। यदि शुरुआती दिनों में इन डार्क सर्कल पर ध्यान न दिया जाए तो ये इतना बढ़ जाते हैं, कि इसकी वजह से चेहरा भी अजीब दिखने लगता है। अगर आप भी इसी दिक्कत से परेशान हैं तो हमारे बताए गए तीन नुस्खों को आजमाकर देख लें। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिनके इस्तेमाल के बाद एक महीने में आंखों के काले घेरे एकदम कम हो जाएंगे।

**खीरा_** यदि आप भी घरेलू नुस्खों की मदद से डार्क सर्कल को कम करना चाहते हैं तो उसके लिए खीरा आपकी मदद करेगा। दरअसल, खीरे में एंटीऑक्सिडेंट और ठंडक देने वाले तत्व होते हैं जो आंखों को आराम देते हैं और काले घेरों को कम करते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आपको सबसे पहले खीरे को पतले स्लाइस में काटना है। अब इसे अपनी आंखों पर रख लेना है। कोशिश करें कि ये खीरा ठंडा हो, इससे आपकी आंखों को भी राहत मिलेगी। 20 मिनट के लिए दिन में दो बार ऐसा ही करें। इससे आंखों के नीचे आए काले घेरे खुद ब खुद कम हो जाएंगे।

**आलू का रस_** हर भारतीय घर में आलू बड़ी ही आसानी से मिल जाता है। इसका इस्तेमाल सब्जी बनाने के साथ-साथ स्किन केयर में भी किया जाता है। दरअसल, आलू में पाए जाने वाले एंजाइम और विटामिन C डार्क सर्कल को हल्का करने में मदद करते हैं।



इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले कच्चे आलुओं को कद्दूकस कर लें। अब इसे कॉटन के कपड़े में बांधकर उसका रस निकाल लें। रस निकालने के बाद इसे रुई की मदद से अपनी आंखों के नीचे अप्लाई करें। 20 मिनट के बाद अपने चेहरे को धो लें। हफ्ते में कम से कम 5 बार ऐसा करें और फिर इसका असर देखें।

### बादाम तेल और नारियल तेल की मसाज

ये दोनों तेल यदि आपके घर में मौजूद हैं तो इनके इस्तेमाल से डार्क सर्कल को कम करें। दरअसल, ये दोनों तेल त्वचा को पोषण देते हैं और ब्लड सर्कुलेशन बेहतर करके डार्क सर्कल को कम करते हैं। इसका इस्तेमाल भी काफी आसान है।

## यंग गर्ल्स ऑफिस में स्टाइल करें काफ्तान कुर्तियां, दिखेंगे फैशनेबल

यदि आप भी ऑफिस में कुछ यूनिक और स्टाइलिश ट्राई करने का सोच रही हैं तो आज हम आपको कुछ काफ्तान कुर्तियां दिखाने जा रहे हैं। जिनको आप कैरी करके खुद को स्मार्ट लुक दे सकती हैं। यदि आप वर्किंग वुमेन हैं फिर तो आपको भी हर रोज सुबह ऑफिस जाने से पहले सोचना पड़ता होगा कि आखिर क्या पहना जाए। जी हां हर एक महिला को इस समस्या का सामना करना पड़ता है। किस तरह लुक को हर रोज स्टाइलिश और क्लासी बनाया जाए। खाने के मेन्यू से ज्यादा हम अपने ऑउटफिट को लेकर कंफ्यूज रहते हैं। हालांकि लड़कियों के साथ वार्डरोब में कैरी करने के लिए बहुत ऑप्शन होते हैं, लेकिन फिर भी हम सोचते हैं कि क्या स्टाइल किया जाए।



### टाई एंड डाई प्रिंट काफ्तान कुर्ती

यदि आप ऑफिस में स्टाइल के साथ कंफर्ट भी चाहती है, तो उसके लिए जॉर्जेट की टाई एंड डाई प्रिंट कुर्ती बेस्ट ऑप्शन है। इसके संग आप कोई भी व्हाइट पेंट, प्लाजो या जींस कैरी कर सकती हैं। ऐसी काफ्तान कुर्तियां कैरी करने के बाद काफी अट्रैक्टिव लुक देती हैं। इनके संग आप कोई भी मेटल झुमके न्यूड मेकअप और ओपन हेयर से अपना लुक और भी ज्यादा खूबसूरत बना सकती हैं। यह आपको ऑनलाइन 400 से 800 तक की रेंज में मिल जाएंगी।



### सिल्क पैच वर्क शार्ट काफ्तान कुर्ती

आप चाहे तो इस तस्वीर में नजर आ रही पिंक कलर की सिल्क फैब्रिक कुर्ती को भी ट्राई कर सकती हैं। इस कुर्ती पर बड़ा सा फ्लोरल पैच लुक को काफी खूबसूरत बना रहा है। लूज फिटिंग होने की वजह से गर्मियों के लिए काफ्तान कुर्तियां परफेक्ट रहती हैं। इनके संग आप व्हाइट या ब्लैक पेंट पेयर अप करें। हेयर स्टाइल को आप पौनी लुक दें और मेकअप को थोड़ा ग्लॉसी टच दें। ऐसी कुर्तियां ऑनलाइन और ऑफलाइन आप की तरह के कलर में आसानी से 400 से 700 तक की कीमत में मिल जाएंगी।

## पैरों की बदबू से परेशान हैं तो ये उपाय अपनाएं और पाएं फ्रेशनेस का एहसास

गर्मी के मौसम में शरीर से बदबू आना काफी सामान्य बात है। लेकिन दिक्कत तब होती है, जब ये बदबू बढ़कर लोगों को परेशान करने लगे। खासतौर पर बात करें पैरों की तो जो लोग जूते पहनते हैं, उनके पैरों में बदबू काफी ज्यादा आती है। कई बार तो जूते उतारने के बाद बैठना भी काफी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में आप कुछ नुस्खे आजमाकर इस दिक्कत से छुटकारा पा सकते हैं। यहां इस लेख में कुछ असरदार घरेलू उपाय दिए गए हैं, जिन्हें अपनाकर आप इस परेशानी से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए आपको बस कुछ टिप्स को फॉलो करना है।

### नमक के पानी में धोएं

यदि आपके पैरों से काफी ज्यादा बदबू आ रही है तो नमक का पानी इस बदबू को दूर करेगा। इसके लिए सबसे पहले एक बाल्टी में गुनगुना पानी लेकर उसमें नमक घोलें। अब इस पानी में 15–20 मिनट पैरों को भिगोकर रखें। इससे बैक्टीरिया और पसीने की बदबू कम होती है। ये नमक वाला पानी पैरों की थकान को भी दूर करने का काम करेगा।



### नीम का तेल आएगा काम

नीम के पत्तों और तेल में एंटी-बैक्टीरियल तत्व पाए जाते हैं, जो पैरों से बदबू को भगाने में कारगर रहेंगे। इसके लिए आपको सबसे पहले पैरों को धोना है और फिर उसपर नीम के तेल अप्लाई करना है। थोड़ी देर इसे ऐसे ही रहने दें और फिर अपने पैरों को धो लें। इससे भी आपको तुरंत बदबू से राहत मिलेगी।

### टी ट्री ऑयल भी करेगा मदद

बाजार में टी ट्री ऑयल भी बड़ी आसानी से मिल जाता है। पैरों की बदबू दूर करने के लिए भी आप टी ट्री ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसे अप्लाई करने के लिए भी आपको पैरों में इस तेल को अप्लाई करना है।

## अब लिपस्टिक बार-बार लगाने की जरूरत नहीं, ये ट्रिक्स अपनाएं

यदि आपकी लिपस्टिक भी एक से दो घंटे में खराब हो जाती है तो अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। हमारी बताई गई टिप्स से आप अपनी सिंपल लिपस्टिक को भी घंटों टिका सकते हैं। शायद ही कोई महिला होगी, जिसे लिपस्टिक लगाना पसंद न हो। अब तो छोटी-छोटी बच्चियों से लेकर कॉलेज जाने वाली लड़कियों के पास तक लिपस्टिक का शानदार कलेक्शन होता है। लिपस्टिक लगाने से लुक एकदम बदल सा जाता है। लिपस्टिक लगाना जितना आसान है, उतना ही कठिन होता है लंबे समय तक इसे टिकाए रखना।

### होंठों को पहले करें स्क्रब

चेहरे के साथ-साथ होंठों की डेड स्किन निकालना भी काफी जरूरी हो जाता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यदि आपके होंठों पर डेड स्किन जमा रहेगी तो इसपर लिपस्टिक का ज्यादा लंबे समय तक टिकना मुश्किल होगा। इसलिए हफ्ते में कम से कम तीन बार अपने होंठों को एक्सफोलिएट करें। इसके लिए पिसी



हुई चीनी और शहद के मिश्रण को होंठों पर लगाएं और हल्के हाथ से मसाज करें। इसके बाद किसी मुलायम ब्रश की मदद से होंठों को साफ कर लें।

### लिप बाम लगाएं

सूखे होंठों पर लिपस्टिक ज्यादा समय तक टिक नहीं पाती है। इसलिए जब भी कभी लिपस्टिक लगा रही हैं तो पहले अपने बालों में लिप बाम अवश्य लगाएं।

**कार्नर न्यूज**

### घर से बाहर के होना चाहिए खास ड्रेस

## बीच, हिल स्टेशन हो या इंटरनेशनल ट्रिप- हर लोकेशन के लिए परफेक्ट हैं ऐसे आउटफिट्स

हर लड़की अपनी शादी के लिए बेहद उत्साहित रहती है। इसके लिए वो महीनों पहले से खरीदारी भी शुरू कर देती हैं। शादी के साथ-साथ लड़कियां शादी के बाद की प्लानिंग भी पहले से कर लेती हैं। खासतौर पर बात करें हनीमून की तो ये ऐसा वक्त होता है, जब शादी की कपल शादी की थकान उतारने और एक-दूसरे के साथ समय व्यतीत करने के लिए घूमने जाता है। इस दौरान लड़कियां अपने लुक्स पर भी काफी ध्यान देती हैं। यदि आप भी हनीमून पर जा रही हैं तो उसके लिए खरीदारी करनी होगी। ऐसे में हम आपको कुछ लेटेस्ट और स्टाइलिश आउटफिट आपको दिखाने जा रहे हैं, जिससे टिप्स लेकर आप शॉपिंग कर सकते हैं।

### को-ऑर्ड सेट लुक

कुछ कंफर्टेबल सा तलाश कर रही हैं तो ऐसा को-ऑर्ड सेट आपकी खूबसूरती में भी चार चांद लगा देगा, साथ ही में इसको पहनने से आपका लुक काफी स्टाइलिश भी लगेगा। इसे पहनते समय बस ध्यान रखें कि इसके साथ



### डेनिम शॉर्ट में ग्लैमरस लुक

कौन नहीं चाहता कि वो अपने हनीमून पर ग्लैमरस दिखे। इसके लिए आप डेनिम शॉर्ट्स कैरी कर सकती हैं। डेनिम शॉर्ट्स के साथ ब्रालेट और ऊपर से ओवरसाइज शर्ट आपके लुक में चार चांद लगा देगी। ध्यान रखें कि इस लुक के साथ पैरों में जूते या फिर स्लीपर पहनें। जूते पहाड़ों पर काम आएंगे, वहीं अगर बीच पर हैं तो स्लीपर ही पहनें।

### डेनिम शॉर्ट में कूल अंदाज

डेनिम शॉर्ट्स को आप अलग अंदाज में भी कैरी कर सकती हैं। इसके लिए शॉर्ट्स के साथ टॉप कैरी करें। इस तरह की फिटेड टॉप आपके लुक में चार चांद लगा देगी। सुरभि की तरह आप अपने शॉर्ट्स के साथ जूते कैरी कर सकती हैं, इससे आपका लुक काफी कूल दिखेगा।

### जींस-टीशर्ट लुक

यदि पार्टनर के साथ बाइक राइड पर जाना है तो कुछ और पहनने की जगह इस तरह की ब्लू फिटेड डेनिम जींस और साथ में व्हाइट रंग की टॉप कैरी करें। आपका ये लुक न सिर्फ देखने में स्टाइलिश लगेगा, बल्कि आप इसमें काफी कूल भी दिखेंगी।

### ऑफ शोल्डर ड्रेस

हनीमून पर कपल्स डिनर डेट्स पर भी जाते हैं, ऐसे में आपको अपने लिए एक ऐसी ही ग्लैमरस ड्रेस भी खरीद लेनी चाहिए। ऐसी ड्रेस आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देगी। ऐसी ऑफ शोल्डर ड्रेस पहनकर डेट नाइट पर आप अपना ग्लैमरस अंदाज दिखा सकती हैं।

### विंटर फैशन

यदि आप पहाड़ों पर जा रही हैं, तो वहां काफी सर्दी पड़ती है। ऐसे में अपने लुक को सर्दियों के हिसाब से भी स्टाइल करें।